मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 208 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
12 जनवरी 2024 शुक्रवार

आज का मौसम
19 अधिकतम
13 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

### सीएम ने मंत्रियों व स्कूली बच्चों संग किया योग, प्राणप्रतिष्ठा से पहले 11 दिनी अनुष्ठान पर मोदी

# सरकार का सूर्य नमस्कार, अयोध्या से पहले पीएम का विशेष अनुष्ठान



*सीएम डॉ. मोहन यादव ने स्वामी विवेकानंद जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर भोपाल में सामूहिक सूर्य नमस्कार में हिस्सा लेकर सूर्य नमस्कार किया।*

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज योग दिवस पर राजधानी में सुभाष उत्कृष्टता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (एक्सीलेंस स्कूल) पहुंचकर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों ने भी योग किया। इस मौके पर मंत्री कृष्णा गौर, राकेश सिंह, राकेश शुक्ला, लखन पटेल और सांसद प्रज्ञा ठाकुर, विधायक भगवान दास सबनानी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे सामने जो चुनौतियां हैं उन्हें देखते हुए और विद्यार्थियों को कैरियर के चुनाव के लिए मन और शरीर की दृष्टि से सशक्त होना आवश्यक हो गया है।युवाओं को जीवन में कुछ हासिल करना है तो कठोर परिश्रम आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जयंती योग दिवस के रूप में मनाई जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने 21 जून की तिथि को विश्व योग दिवस के रूप में विश्व में मान्यता दिलवाई है। मोदी का जीवन देशवासियों को प्रेरित कर रहा है। वे अपने निर्णयों से रोमांचित करते हैं। युवा हो या बुजुर्ग सभी वर्गों से आसानी से जुड़ जाते हैं। यादव ने कहा भारत सर्वाधिक युवाओं वाले देशों में से एक है।



## नासिक के कालाराम मंदिर में किया पूजन

22 जनवरी को होने वाले अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज से विशेष अनुष्ठान शुरू किया है। इससे पहले उन्होंने देशवासियों के नाम ऑडियो संदेश जारी कर कहा कि प्राण प्रतिष्ठा में सिर्फ आज से सिर्फ 11 दिन समय बचा है। इसलिये वे अनुष्ठान आरंभ कर रहे हैं। इसकी शुरुआत नासिक धाम पंचवटी करेंगे। जहां प्रभु श्रीराम ने लंबा समय व्यतीत किया था। मोदी ने कहा कि 22 जनवरी को जब वे राम मंदिर गर्भगृह में जाएंगे, तब सभी देशवासियों की शक्ति उनके साथ होगी। उन्होंने कहा कि प्रभु ने मुझे प्राण प्रतिष्ठा के दौरान, सभी भारतवासियों का प्रतिनिधित्व करने का निमित्त बनाया है।



## दिग्विजय बोले- अनुष्ठान के नियम शंकराचार्य ही बता सकते हैं

**इधर** पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने अयोध्या मंदिर लोकार्पण को लेकर आज ट्वीट किया कि - यज्ञ, अनुष्ठान में कौन से नियमों का पालन करना है ये तो सर्वोच्च पद पर आसीन धर्म गुरु ही बता सकते हैं और सनातन धर्म में शंकराचार्य से बड़ा कोई पद नही होता। एक नही चारों मान्य पीठों के शंकराचार्य जी शास्त्र सम्मत पूजा विधि की अवहेलना एवं अधूरे निर्मित मंदिर में भगवान के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को अनुचित मान रहे हैं। सिंह ने लिखा कि अयोध्या का मतलब होता है जो युद्ध से विमुख हो परंतु मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने हिंदू वोट लेने की धुन में अयोध्या को राजनीति का अखाड़ा बना दिया है। सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्राण प्रतिष्ठा को भाजपा आरएसएस द्वारा निजी इवेंट बनाए जाने की वजह से उसमे शामिल होने के लिए फिलहाल मना कर दिया है तो इसमें गलत क्या है। कांग्रेस इस पक्ष में है कि जब मंदिर का निर्माण पूरा हो जाएगा तब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के दर्शन करने बिना किसी इवेंट के वरिष्ठ नेता मर्यादा और श्रद्धा के साथ अयोध्या जाएंगे।



**मंदिर के पूर्ण निर्माण के बाद दर्शन को जाएगी कांग्रेस**

## उज्जैन से अयोध्या जाएंगे 5 लाख लड्डू



मुख्यमंत्री यादव ने योग दिवस के मौके पर मीडिया से बातचीत में कहा कि अयोध्या में भगवान राम मंदिर के गर्भ ग्रह में प्राण प्रतिष्ठा का अवसर गर्व का विषय है। महाकाल नगरी उज्जैन से 5 लाख लड्डू अयोध्या भेजे जाएंगे। उन्होंने बताया कि 10 से 15 जनवरी तक मकर संक्रांति पर्व घोषित किया गया है। इस क्रम में महिला सशक्तिकरण गतिविधियों के साथ विभिन्न कार्यक्रम हुए हैं। कल शहडोल में जनजाति वर्ग के भाई बहनों के साथ कार्यक्रम और 14 एवं 15 जनवरी को विभिन्न भारतीय खेलों और पतंग बाजी के कार्यक्रम प्रदेश में होंगे।


## कमलनाथ से मुलाकात करने घर पहुंचे सीएम यादव

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ से सौजन्य भेंट की। डॉ यादव ने कल देर शाम कमलनाथ से उनके निवास पर पहुंचकर सौजन्य भेंट की। मुलाकात की जानकारी डॉ यादव ने स्वयं सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के जरिए दी है।



कमलनाथ ने कुछ दिनों पहले डॉ यादव के निवास पर पहुंचकर उनके मु यमंत्री बनने पर उन्हें शुभकामनाएं दी थीं।

## राखी सावंत की जमानत अर्जी हुई खारिज



**मुंबई ।** अभिनेत्री राखी सावंत के पूर्व पति आदिल खान दुर्रानी द्वारा दर्ज केस पर राखी की गिरफ्तारी तय मानी जा रही है। सेशन कोर्ट, मुंबई में राखी ने इस मामले में गिरफ्तारी न होने को लेकर जमानत याचिका डाली थी। हालांकि, कोर्ट ने गिरफ्तारी का इंटीरिम प्रोटेक्शन बढ़ा दिया है। सेशन कोर्ट जज श्रीकांत भोसले ने कहा- जो राखी ने किया वो गलत था. जिस तरह से उन्होंने अपने एक्स हसबैंड के वीडियोज सर्कुलेट कीं वो गलत मूव है। राखी पर इसी तरह का एक केस पहले से ही पेंडिंग है. इसलिए केस में किसी को भी छूट देना सही नहीं है। दरअसल आदिल का उनका कहना था कि राखी ने उनकी कुछ प्राइवेट चीजें सर्कुलेट की हैं। साथ ही मीडिया चैनल्स को राखी ने उनकी सेक्शुअल वीडियोज लीक की थीं।

## सेंसेक्स की 600 अंकों की उछाल, बाजार में बहार

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

बैंकिंग और आईटी कंपनियों के शेयरों की अगुवाई में भारतीय शेयर बाजार आज लगातार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ खुले। दूसरी ओर, अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े उम्मीद से थोड़ा अधिक रहने से अमेरिका और यूरोप में ब्याज दरों में शुरुआती और आक्रामक कटौती को लेकर निवेशकों की राय प्रभावित नहीं हुई। सुबह बीएसई सेंसेक्स 600 अंकों की मजबूत उछाल के साथ 72,300 के लेवल पर कारोबार करता दिखा। वहीं निफ्टी में 160 अंकों की बढ़त के साथ 21,800 के स्तर पर कारोबार होता दिखा। इससे पहले सुबह 9 बजकर 19 मिनट पर बीएसई सेंसेक्स 344 अंक या 0.48त्न बढ़कर 72,065 पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 95 अंकों या 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 21,742 पर कारोबार करता दिखा।



**सौ अरब डालर क्लब में एंट्री:** एशिया के सबसे अमीर कारोबारी मुकेश अंबानी ने दुनिया के अरबपतियों के लिस्ट में एक नया मुकाम हासिल कर लिया है। बड़ी छलांग लगाते हुए अंबानी ने 100 अरब डॉलर क्लब में एंट्री ली है। मुकेश की नेटवर्थ में बढ़ोतरी की वजह रिलायंसऔर अन्य कंपनियों के शेयरों में बढ़ोतरी रही है। गुरुवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर नए रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गए थे।

## बंगाल के मंत्री व टीएमसी नेताओं के आवास पर छापे, ईडी की कार्रवाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार में मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के नेता सुजीत बोस पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की बड़ी कार्रवाई चल रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी उनके कोलकाता स्थित ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई कर रही है। इसके अलावा पार्टी के दो और नेता के यहां भी सुबह-सुबह ईडी ने दबिश दी है। तृणमूल विधायक तपस रॉय और नेता सुबोध चक्रवर्ती के घर भी केंद्रीय एजेंसी की छापेमारी जारी है। कार्रवाई कथित नगर पालिका नौकरी घोटाले के सिलसिले में की जा रही है।जानकारी के मुताबिक, ईडी ने नगर निकायों में भर्तियों में अनियमितता मामले की जांच को लेकर शुक्रवार सुबह पश्चिम बंगाल के अग्निशमन और आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक तापस रॉय और उत्तरी दमदम नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सुबोध चक्रवर्ती के आवासों पर छापे मारे। मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने केंद्रीय बलों के साथ शुक्रवार सुबह उत्तर 24 परगना जिले के लेक टाउन इलाके में सुजीत बोस के दो आवासों पर छापे मारे।

## देश के सबसे लंबे समुद्री पुल का लोकार्पण किया मोदी ने

**मुंबई , एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज महाराष्ट्र के दौरे पर हैं, वे मुंबई में देश के सबसे लंबे समुद्री पुल 'अटल सेतु' का उद्घाटन कर रहे हैं। 22 किमी समुद्री पुल के कारण 2 घंटे का सफर 20 मिनट में तय हो जाएगा। सबसे बड़ी बात यह है कि यहां दोपहिया के साथ ही ऑटो चालकों को भी अनुमति नहीं होगी। यही कारण है कि यहां 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से वाहन दौड़ पाएंगे। इस प्रोजेक्ट पर कुल 21,200 करोड़ रुपए की लागत आई है।



**डेढ साल में बदहाल हुई टनलः** वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धूमधाम से दिल्ली में जिस प्रगति मैदान टनल रोड का उद्घाटन किया था, उसका महज डेढ़ साल में ही बुरा हाल हो गया है। करीब 920 करोड़ रुपये खर्च करके बनाई गई इस रोड के कई हिस्सों में दीवारों और छतों से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है।

## सीवर लाइन के मलबे में दबकर मजदूर मौत

**सतना।** सतना जिले के कोलगवां थाना क्षेत्र मे एक श्रमिक की सीवर लाइन के मलबे में दब जाने के कारण मौत हो गयी है। कल कोलगवां थाना क्षेत्र के मारूति नगर मे सीवर लाइन के ट्रंच बकेट में पाइप डालने के लिये 20 फीट नीचे उतरे राम खिलाड़ी कुशवाहा की मौत मिट्टी में दब जाने की वजह से हो गयी। लगभग छह घंटे के रेस्क्यू आपरेशन के बाद जब श्रमिक को मलबे से बाहर निकाला गया, तब उसकी मौत हो चुकी थी।

## 40 करोड़ की ड्रग्स के साथ महिला एयरपोर्ट पर गिरफ्तार



**मुंबई ।** थाईलैंड की राष्ट्रीयता वाली 21 वर्षीय महिला को मुंबई हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया है। उसके सामान से भारी मात्रा में कोकीन जब्त की गई। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 40 करोड़ रुपये बताई जा रही है। राजस्व खुफिया निदेशालय के मुताबिक, महिला को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। वहीं मुंबई पुलिस ने ड्रग फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। वहां से करोड़ों की ड्रग्स भी बरामद की गई है और कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। जानकारी के मुताबिक, मुंबई की मालवणी पुलिस ने कांदिवली थाना क्षेत्र के लालजीपाड़ा इलाके की झुग्गी बस्ती में चल रही एक ड्रग फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। इस दौरान 1.18 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ बरामद किए गए।

**मेट्रो एंकर** आइकनिक लैंडमार्क्स के साथ अलाइन्ड चांद की एक तस्वीर, नतीजा आया तो नासा भी हैरान

# एक मनचाही फोटो खींचने में लगा दिए 7 साल

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

डिजिटल कैमरों के दौर में भी पारंपरिक तरीकों से फोटो खींचने का शौक जारी है और बेहतरीन फोटो सामने आते रहते हैं। दरअसल फोटो को सही एंगल से एकदम सटीक खींचने में फोटोग्राफर्स अच्छा खासा दिमाग और टेक्नीक लगाते हैं। इसमें कई बार परफेक्शन के लिए 15-20 मिनट या एक घंटे का समय भी लग जाता है. लेकिन क्या किसी तस्वीर को सही से खींचने में 7 साल लग सकते हैं और 7 सालों बाद सामने आई तस्वीर कैसी होगी? यह जवाब इटली में वेलेरियो मिनाटो नाम के एक फोटोग्राफर ने गजब की तस्वीर कैमरे में कैद करके दिया है। उनका लक्ष्य था कि एक रेयर और आश्चर्यजनक तस्वीर खींची जाए। ताकि सारी दुनिया 'फोटोग्राफ ऑफ द डिकेड' के रूप में याद रखे और इसके लिए उन्होंने पूरे 7 साल लगाए!

खबरों के मुताबिक इटली के शहर ट्यूरिन में, वेलेरियो मिनाटो नाम के एक फोटोग्राफर ने ऐसा ही कुछ किया। मिनाटो ने दो आइकनिक लैंडमार्क्स के साथ पूरी तरह अलाइन्ड चांद की एक तस्वीर खींची। तस्वीर में बेसिलिका ऑफ सुपरगा का गुंबद और विशाल मोनविसो पर्वत के ठीक पीछे चांद है। ये इतनी खूबसूरत और अनोखी है कि उनकी तस्वीर को स्पेस एजेंसी नासा ने भी सम्मानित किया है।

बताते हैं कि 2017 से, मिनाटो ने चांद की ये तस्वीर कैपचर करने की जटिल प्रक्रिया को समझने के लिए ऐड़ी चोटी लगा दी। उन्होंने चांद के फेसेज, हॉरिजन के आर-पार उसके पाथ और यहां तक कि मौसम की हलचलों को भी स्टडी किया। उनका सपना अक्सर ट्यूरिन के ऊपर छाए बादलों के चलते ढका रहता था, लेकिन उन्होंने उम्मीद नहीं खोई।




### अब एक परफेक्ट क्लिक से संघर्ष हुआ खत्म

ट्यूरिन स्थित समाचार एजेंसी को मिनाटो ने अपने इस सफर के बारे में बताया कि मैं पहले ट्यूरिन में, फिर आसपास के क्षेत्र में, शहर को विभिन्न प्वाइंट्स और दूरियों से देखने के लिए साल 2012 से शूटिंग कर रहा हूं. एक निश्चित बिंदु पर, मैंने सुपरगा और मोनविसो के गुंबद को पूरी तरह से अलाइन करने के प्वाइंट की तलाश शुरू कर दी। आखिरकार, 15 दिसंबर को, शाम 7 बजे का वह समय आया और मिनाटो की दृढ़ता और मेहनत रंग लाई, आसमान साफ़ हो गया, और चंद्रमा ठीक उसी स्थिति में आ गया जिसका वे लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। अपने कैमरे को तैयार रखते हुए, मिनाटो ने उस पल का लाभ उठाया और लाखों में से एक शॉट को कैद कर लिया।



एमपी नगर स्थित एल आई सी ऑफिस के बाहर भोपाल डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन द्वारा बीमा कर्मचारी व अधिकारियों के संयुक्त मोर्चे के आह्वान पर वेतन संशोधन के मुद्दे को लेकर एल आई सी कर्मचारियों अधिकारियों ने 1 घंटे तक सभा की और प्रदर्शन किया ।

# अतिथि शिक्षक सुसाइड मामले में 24 दिन बाद प्राचार्य पर कार्यवाही, किया निलंबित

## प्राचार्य के अरेस्ट होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने लिखा था डीपीआई को पत्र

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लोक शिक्षण संचालनालय ने राजधानी के ग्राम हर्राखेड़ा स्थित शासकीय अरविंद भार्गव हायर सेकंडरी स्कूल के अतिथि शिक्षक सुसाइड मामले में अब 24 दिन बाद प्राचार्य पर कार्यवाही की है। जिला शिक्षा अधिकारी के पत्र भेजने के करीब 24 दिन बाद प्राचार्य श्रीप्रकाश विजयवर्गीय को निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में गुरूवार को आदेश जारी किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि ग्राम हर्राखेड़ा स्थित शासकीय अरविंद भार्गव हायर सेकेंडरी स्कूल के अतिथि शिक्षक आकाश यादव पिता गोपाल यादव ( 23 ) ने पिछले साल 13-14 अक्टूबर को आकाश ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया था। आकाश के पास मिले सुसाइड नोट में प्रिंसिपल श्रीप्रकाश विजयवर्गीय, अतिथि शिक्षक छगनलाल शाह और नरेंद्र दुब पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए थे। मामले में गुनना थाना पुलिस ने प्राचार्य समेत तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया था। घटना वाले दिन से ही प्राचार्य बिना बताए स्कूल से गायब हो गए थे। उसके गायब होने के बाद भी विभाग की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं की गई थी।

### 8 दिसंबर को पत्र भेजा था

बताया जा रहा है कि डीईओ अंजनी कुमार त्रिपाठी ने आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव को निलंबित करने के लिए 8 दिसंबर को पत्र भेजा था। जिस पर 24 दिन बाद कार्रवाई की गई है। आदेश में कहा गया है कि निलंबन अवधि में विजयवर्गीय का मुख्यालय कार्यालय कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक भोपाल संभाग, भोपाल मप्र रहेगा एवं निलंबन काल में उन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

**निकायकर्मियों का दर्द**

### इंदौर, भोपाल व मप्र को स्वच्छता में उत्कृष्ट पुरस्कार मिलने पर निकाय कर्मियों की प्रतिक्रिया

# हमारी दम पर ले रहे पुरस्कार और हमारी ही अनदेखी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के भोपाल, इंदौर व मप्र को स्वच्छता में मिले उत्कृष्ट पुरस्कारों से निकायकर्मी खुश है। खुशी सही भी है क्योंकि इनके दम पर ही मप्र से लेकर दिल्ली तक सरकार और अधिकारियों को प्रशंसा मिल रही है। ये पुरस्कार प्रदेशवासियों के लिए भी गौरव की बात है लेकिन इन सबके बीच निकाय कर्मियों का वह दर्द भी जायज है जिसको लेकर वे खुशी के साथ नाराजगी भी जता रहे हैं। इन निकाय कर्मियों का कहना है कि उनकी रात–दिन की मेहनत के बाद ही सफाई में इंदौर, भोपाल व प्रदेश ने अच्छा किया है। तब भी उनकी अनदेखी की जा रही है, उन्हें देहाड़ी पर रखा गया है। नाममात्र का मानदेय दिया जा रहा है, सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है जबकि पल–पल पर खतरा है। कब कौन सी बीमारी पकड़ ले इसका भरोसा नहीं है।

भोपाल के निगमकर्मी प्रदीप सिंह, रामकरण जाटव, कैलाश सिंह, सुनिता देवी आदि का कहना है कि वे अधिकारी जब चाहे तब उनकी ड्यूटी लगा देते हैं। न तो रात देखी जाती है और न ही दिन, लेकिन सुरक्षा और मानदेय उस अनुरूप नहीं है। ड्यूटी कराते रहते हैं और सुरक्षा के नाम पर किट तक नहीं दी जा रही है। निकायों व अधिकारियों की लाख कमियों के बावजूद हम सफाईकर्मी पूरी मेहनत के साथ हमारा

### नाममात्र का मानदेय दिया जा रहा है, सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है जबकि पल-पल पर खतरा है।




काम करते हैं। कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। जिसका नतीजा भोपाल, इंदौर व मप्र को मिल रहे सम्मान है। तब भी हमारी अनदेखी की जा रही है।

इन सफाईकर्मियों का कहना है कि प्रदेश के किसी भी निकाय में सफाईकर्मियों के जीवन, उनके वेतन और उन्हीं दी जा रहे सुविधाओं का कोई मापदंड नहीं है। इस पर सरकार को संज्ञान लेना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी सफाईकर्मी मानदेय से लेकर सुविधाओं के लिए आंदोलन कर चुके हैं। यहां तक की सफाई का काम बंद कर चुके हैं जिसके कारण प्रदेश की सफाई व्यवस्था तक चरमरा गई थी।

# 6 मार्च से 9वीं 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं, 23 मार्च तक चलेंगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 की कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षाओं की टाइम टेबल जारी कर दी है। दोनो कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं 6 मार्च से शुरू होकर 23 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। 9वीं कक्षा का पहला पेपर हिंदी और 11वीं का पहला पेपर राजनीति रहेगा। कक्षा 11 की परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होंगी। वहीं 9वीं की परीक्षाओं का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे रहेगा। विद्यार्थियों को समय से आधा घंटे पहले परीक्षा कक्ष में पहुंचना होगा।



### लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किया शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए टाइम टेबल

### 9वीं कक्षा का पहला पेपर हिंदी और 11वीं का राजनीति

### ओपन बोर्ड तैयार करेगा पेपर

जारी आदेश में कहा गया है कि इन कक्षाओं की परीक्षा के लिए पेपर मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। शेष प्रश्न पत्र आवश्यकतानुसार माध्यमवार जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी अपने निर्देशन में प्राचार्य जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय के माध्यम से विषय शिक्षक द्वार तैयार करा सकेंगे। यह पेपर तैयार करने में ऐसे शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्हे माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा प्रश्न पत्र निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया है।

### पहले महासचिव सुरेश जसवानी ने योगदान को बताया

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मनवानी थे सिंधी पंचायत के पहले अध्यक्ष

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम नगर जो कि तत्कालीन बैरागढ़ के नाम से जाना जाता था, वहां सिंधियों की बसावट तो 1948 से शुरू हो गई थी लेकिन यहां सामाजिक एवं पारिवारक समस्याओं के निराकरण के लिए सिंधियों की कोई पंचायत नहीं थी। जबकि इसकी जरूरत सालों से महसूस की जा रही थी अंततः 1988 में समाज के कुछ बुद्धिजीवियों जिसमें एमएम वासवानी, रमेशलाल आसवानी, नारीमल नरियानी, थद्धाराम ज्ञानचंदानी आदि मुख्य रूप से





शमिल थे, ने 10 जनवरी 1988 को पूज्य सिंधी पंचायत का गठन किया, जिसका पहला अध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सैनानी पमनदास मनवानी एवं पहला महासचिव सुरेश जसवानी को बनाया गया। जबकि चेतनदास पारदासानी इसके पहले उपाध्यक्ष बने। इसके बाद लगातार 10 साल तक पमनदास मनवानी अध्यक्ष एवं 6 साल सुरेश जसवानी महासचिव रहे बाद में इसका विस्तार होता गया और पदाधिकारी भी बदलते रहे। इसकी कमान कुछ समय के लिए गिरधारीलाल कुंदानी के बाद साबूमल रीझवानी के हाथो में आई। अन्य पदों पर भी समय समय पर समाज के गणमान्य नागरिकों ने इसे सुशोभित किया। लेकिन लगभग 10 साल तक पमनदास मनवानी व सुरेश जसवानी सहित सभी 10 पदाधिकारियों ने पंचायत को सींचा और इसे वटवृक्ष का रूप दिया।

### कम्युनिटी इंटेलिजेंस पर व्याख्यान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रोटरी क्लब ईस्ट ने मासिक व्याखानमाला के अन्तर्गत केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, के असिस्टेंट डायरेक्टर धर्मेंद्र नाथ सिंह का व्याख्यान आयोजित किया गया . धर्मेंद्र नाथ ने कहा सूचनाओं का पता लगाना और उस पर विश्लेषण एक निरन्तर प्रक्रिया है। देश की सुरक्षा में जनभागीदारी आवश्यक है । खुफ़िया एजेंसियो की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान कम्युनिटी का होता है।धर्मेंद्र नाथ सिंह ने रोटरी सदस्यों के सवालों का जवाब भी दिया।कार्यक्रम के प्रारंभ में रोटरी अध्यक्ष संजय दुबे ने स्वागत भाषण दिया।

# स्वदेशी जागरण मंच ने विद्यार्थियों के बीच विवेकानंद जयंती मनाई



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्वदेशी जागरण मंच की भोपाल महानगर प्रमुख और स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. उषा खरे, मध्य भारत प्रान्त सह प्रमुख सीमा भारद्वाज,दीपा शर्मा, हेमंत रावत, शंकर सोनी, के साथ विवेकानंद जयंती मनाई। इस अवसर पर स्कूल के दोनों शिफ्ट के करीब 1200 विद्यार्थी और स्टाफ मौजूद था। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर की। इसके बाद अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। डॉ खरे ने विद्यार्थियों को बताया कि विवेकानंद हमारे देश में ही नहीं, विदेशों में भी पूजे जाते हैं। वो पूरे विश्व के आदर्श संत हैं, जिन्होंने भारतीय संस्कृति और दर्शन को पूरी दुनिया में फैलाया। सीमा भारद्वाज ने विद्यार्थियों से चर्चा कर प्रश्न किया कि विवेकानंद का असली नाम क्या था विद्यार्थियों ने बताया नरेन्द्र दत्त। इसके बाद सीमा ने बताया कि उनके गुरू रामकृष्ण परमहंस के बताए मार्ग पर चलकर वे विवेकानंद बने।

# नारायण उदासी की पुण्य तिथि पर सेवा कार्य किए



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

श्री गुरुकृपा सेवा समिति ने गुरूवार को ~नारायण दास उदासी की पुण्यतिथि पर सेवा कार्य किया। उदासी के बेटे भावना उदासी ने जरूरत मंद परिवारों को पांच-पांच किलो आटे के पैकेट दिए। समिति सदस्यों ने दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष महेश गुरबानी, उपाध्यक्ष भावना उदासी, मुकेश उदासी, मुकेश आहुजा, राकेश शेवानी, सुमित पंजवानी उपस्थित थे। गुरबानी ने कहा कि बुजुर्गों की याद में जो परिवार नियमित सेवा कार्यो करते रहते हैं, उनके ऊपर सदैव बुजुर्गों एवं परमात्मा का आशीर्वाद बना रहता है। भावना उदासी ने कहा कि गरीबों की इस प्रकार की सेवाएं करने से मन में सुकून मिलता है। कार्यक्रम का संचालन राकेश शेवानी ने किया

**मेट्रो एंकर**

### बच्चों को भारत के महापुरुषों की गाथा सुनाई

# सर्दी से बचाव के लिए कंबल का वितरण, भण्डारा सेवा

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

आसाराम बापू की प्रेरणा से संचालित महिला उत्थान मंडल भोपाल ने मजदूर के बीच जाकर सेवा कार्य किया। राजधानी से 60 किलोमीटर दूर ग्राम नीम खेड़ा, व रंगपुरा जिला रायसेन में ईंट- भट्टों में काम करने वाली महिला मजदूरों और बच्चों को कंबल, मोजे, तिल के लड्डू, चप्पल, वार्षिक कैलेंडर बांटे एवं भोज कराया।

इस मौके पर महिला मंडल की प्रभारी , दया तीर्थाणी, माधुरी स्वर्णकार, भावना टोंक, राधा वाधवानी, प्रवीना गर्ग, प्रज्ञा सोनी, कृष्णा चौहान, निकिता, लता विश्वकर्मा, हर्षा, पंचबाई साहू, व अन्य कई सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान नाम कीर्तन से हुआ । प्रवक्ता नयना मेवाड़ा ने सभी मजदुर महिलाओं को घर मे साफ सफाई, व शाकाहारी भोजन का महत्व बताते हुए मांसाहार व व्यसनों से दूर रहे का संकल्प दिलाया। व बच्चों को सु- संस्कारित करने के उपाय बताए। मीडिया प्रभारी हरीश मेहरचंदानी ने बताया कि सभी बच्चों भारत के महापुरुषों की गाथा सुनाई गई।





नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
स्वामी विवेकानंद जी की जयंती
युवा दिवस
के अवसर पर राज्य स्तरीय
सामूहिक सूर्य नमस्कार
कार्यक्रम
गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
12 जनवरी, 2024 – प्रातः 9:00 बजे
शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
शिवाजी नगर, भोपाल
"सभी शक्तियां आपके भीतर ही हैं, आप कुछ भी और सब कुछ कर सकते हैं।"
- स्वामी विवेकानंद
"प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छता का जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश सदैव कटिबद्ध है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में प्रदेश की इस बड़ी उपलब्धि के लिए हमारे स्वच्छता मित्रों का आभार एवं समस्त प्रदेशवासियों को बधाई।"
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
इस बार युवा दिवस है विशेष
स्वच्छता में फिर सिरमौर बना "मध्यप्रदेश"
इंदौर लगातार सातवीं बार नंबर 1
मिले 6 राष्ट्रीय सम्मान
भोपाल बना देश की सबसे स्वच्छ राजधानी
• इंदौर को 7 स्टार और भोपाल को 5 स्टार शहर का दर्जा
• 361 निकायों को ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट
• देश के सबसे स्वच्छ राज्यों की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार
• कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग में 158 शहरों को प्रमाणीकरण प्राप्त
D-11167/23
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
मध्यप्रदेश शासन
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

## सुविचार

''जीवन में विजेता कुछ अलग नहीं करते परंतु वह चीजों को ही अलग तरीके से करते हैं।''

– अज्ञात

## संपादकीय

# कायम रहेगी सियासी रार

करीब डेढ साल पहले अजब तरीके से हुआ सत्ता परिवर्तन अब कुछ सवालों से मुक्त माना जा सकता है। महाराष्ट्र में शिवसेना के बागी विधायकों की योग्यता के मसले पर चल रही जद्दोजहद तकनीकी रूप से आखिर अपने अंजाम तक पहुंच गई है। विधानसभा के अध्यक्ष ने समूचे मामले में बारह सौ पन्नों में दर्ज ब्योरे के आधार पर जो फैसला सुनाया, वह महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से एक अहम प्रभाव रखने वाली शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट के लिए एक बड़ा झटका साबित हुआ है। हालांकि फैसले के आने से पहले तक दोनों पक्षों के बीच कशमकश रही। बावजूद सीएम एकनाथ शिंदे का समूह संख्या बल अपने साथ होने के आधार पर अपने हक में फैसला आने को लेकर एक तरह से आश्वस्त था। ठाकरे गुट के बीच एक आखिरी उम्मीद थी कि शायद विधानसभा अध्यक्ष की राय उनके पक्ष की दलीलों पर आधारित होगी। मगर विधानसभा अध्यक्ष ने उद्धव गुट की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें शिवसेना से बगावत करने वाले सोलह विधायकों की योग्यता को रद्द करने की मांग की गई थी।सुप्रीम अदालत के निर्देश के बाद विधानसभा अध्यक्ष की ओर से जो फैसला सामने आया उसके मुताबिक 21 जून, 2022 को जब पार्टी दो समूह में बंटी, तब उसके बाद और चुनाव आयोग के रिकार्ड में भी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट ही वास्तविक शिवसेना था। इस फैसले के बाद उद्धव ठाकरे और उनके समूह को घोर निराशा हुई है, जो यह मान कर चल रहे थे कि कानूनी प्रक्रिया में जाने के बाद उनके गुट को ही वास्तविक शिवसेना के रूप में मान्यता मिलेगी। मगर विधानसभा अध्यक्ष ने पार्टी पर शिंदे गुट का हक होने के पक्ष में शिवसेना के ही उस संविधान का उल्लेख किया, जो 1999 में तैयार किया गया था। उसके अनुसार चुनाव आयोग में पार्टी का 1999 का ही संविधान सौंपा गया था, इसलिए फैसले का आधार भी वही होगा। जबकि शिवसेना के संविधान में संशोधन के मुताबिक पार्टी प्रमुख का फैसला ही पार्टी का फैसला होगा। जाहिर है, इस पुराने संविधान में की गई व्यवस्था की कसौटी पर उद्धव ठाकरे गुट का पक्ष कमजोर साबित हुआ और यही शिंदे समूह के लिए मददगार बना। इसी बुनियाद पर विधानसभा अध्यक्ष ने यह व्यवस्था दी कि एकनाथ शिंदे को पार्टी से निकालने का अधिकार उद्धव ठाकरे को नहीं है। स्वाभाविक ही इस फैसले से शिंदे गुट के जिन सोलह विधायकों पर अयोग्यता की तलवार लटकी हुई थी, उन्हें बड़ी राहत मिली है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर निर्णय के लिए विधानसभा अध्यक्ष को ही उचित प्राधिकार बताया था और दस जनवरी तक का वक्त निर्धारित किया गया था। मगर अब विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के बाद उद्धव ठाकरे के गुट की ओर से यह कहा गया है कि फैसला उम्मीद के उलट है, इसलिए इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की जाएगी। कुल मिलाकर सियासी तौर पर तो माना जा सकता है कि यह मामला आगामी विधानसभा चुनाव तक ठाकरे गुट सरगर्म रखना चाहेगी। मगर जो तस्वीर सामने आई है, उससे लगता है कि अब उद्धव ठाकरे गुट के सामने अपना नया राजनीतिक अस्तित्व खड़ा रखने की बड़ी चुनौती आ गई है।

# समाज में अपराध के खिलाफ सशक्त सोच बने

**विश्वनाथ सचदेव**

पिछले डेढ़ साल में पहली बार बिलकिस बानो के चेहरे पर मुस्कान आयी है। सामूहिक बलात्कार और हत्या के अपराधियों को सजा में मिली छूट के खिलाफ बिलकिस बानो की याचिका पर निर्णय देते हुए उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट शब्दों में 11 अपराधियों को मिली छूट को धोखाधड़ी (फ्रॉड) कहा है। और गुजरात सरकार की इस कार्रवाई को अनधिकार चेष्टा भी। उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुसार बलात्कार और हत्या के इन ग्यारह दोषियों को यदि सज़ा में कोई छूट मिलती भी है तो वह गुजरात सरकार के नहीं, महाराष्ट्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आती, जहां न्यायालय ने सज़ा सुनाई थी। ज्ञातव्य है कि आजीवन कारावास की सज़ा भुगत रहे इन अपराधियों को सन् 2002 के गुजरात दंगों के दौरान 'अमानुषिक अपराध' करने के लिए दोषी पाया गया था। संभव है न्यायालय के नवीनतम निर्णय को देखते हुए अब यह अपराधी महाराष्ट्र सरकार से सजा की छूट पाने की कोशिश करें।

ज्ञातव्य यह भी है कि डेढ़ साल पहले जब इन अपराधियों को गुजरात सरकार ने अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए सज़ा में छूट दी थी तो जेल से छूटने पर इन अपराधियों का सार्वजनिक स्वागत हुआ था, इन्हें मालाएं पहनाई गयी थीं, माथे पर तिलक लगाया गया था। यही नहीं, विश्व हिंदू परिषद जैसी संस्थाओं ने इन्हें नायक की तरह प्रस्तुत किया था। एक गर्भवती महिला के साथ सामूहिक बलात्कार करने और बिलकिस की 3 वर्ष की बच्ची समेत उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या करने वालों को मान देने की मानसिकता पर भी आज सवाल उठाना ज़रूरी है। न्यायालय ने अपना काम किया है, आगे भी कानून के शासन के ऐसे उदाहरण मिलते रहेंगे। न्याय के लिए लड़ने वाली बिलकिस बानो को देश में समर्थन भी मिला है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आगे भी इस तरह का समर्थन पीड़ितों को मिलता रहेगा। लेकिन सवाल जो उठता है वह यह है कि कानून के शासन में विश्वास करने वाले समाज में अपराधियों को समर्थन देने की मानसिकता कैसे और क्यों पनपती है। डेढ़ साल पहले जब यह ग्यारह अपराधी जेल से बाहर आये थे तो मालाएं पहनाकर इनका स्वागत करने वालों को भी अपराधी क्यों न माना जाये? कानून भले ही ऐसे तत्वों को अपराधी न मानता हो, पर आपराधिक मानसिकता के आरोप से ये मुक्त नहीं हो सकते। यह अवसर इस मानसिकता के खिलाफ भी आवाज उठाने का है। सामूहिक बलात्कार को अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार 'मनुष्यता के खिलाफ अपराध' माना गया है। किसी भी सभ्य समाज में ऐसे अपराध के लिए सज़ा होनी चाहिए। साथ ही, अपराधी वे भी हैं जो ऐसे अपराध को समर्थन देते हैं, महिमा-मंडित करते हैं।

कुछ ही अर्सा पहले हमने मणिपुर में भी एक घृणित कृत्य होते देखा था। वहां महिलाओं को निर्वस्त्र करके सड़कों पर घुमाया गया, उनके साथ दुराचार हुआ और समाज का एक वर्ग तमाशबीन बना देखता रहा। सच तो यह है कि यह व्यवहार बलात्कार के अपराध से कम नहीं है। मणिपुर की उन अभागी महिलाओं को न्याय कब मिलेगा, मिलेगा भी या नहीं, पता नहीं। पर सवाल उठता है कि उन अपराधियों को सज़ा दिये जाने की बात क्यों नहीं होती जो ऐसे अपराधों को या तो मूक समर्थन देते रहते हैं, या फिर ऐसे अपराधियों को मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन करते हैं।कौन हैं वे लोग, जिन्होंने बिलकिस बानो और उसके परिवार के साथ अत्याचार करने वालों का जेल से बाहर आने पर स्वागत-सत्कार किया? यह ग्यारह लोग निरपराधी घोषित होकर जेल से नहीं छूटे थे, 'इन्हें 'सद्व्यवहार' के नाम पर सजा में छूट दी गयी थी, इसलिए ये बाहर आए थे। यह सही है कि हमारे देश में इस छूट का प्रावधान है, पर क्या यह भी सही नहीं है कि कुछ अपराध ऐसे भी होते हैं जिनमें सज़ा में इस तरह की छूट नहीं होनी चाहिए? बलात्कार अपने आप में जघन्य अपराध है, सामूहिक बलात्कार और भी बड़ा अपराध है, और बलात्कार करके हत्या करना इस बड़े से भी बड़ा अपराध! जेल की सज़ा के दौरान 'सद?्व्यवहार' के नाम पर ऐसे अपराधियों को यदि कोई छूट मिलती है तो विवेक का तकाज़ा है कि उस पर सवालिया निशान लगे।

सवाल यह भी है कि यदि अपराधी अपने कृत्य पर खेद प्रकट नहीं करता, यह अनुभव नहीं करता कि उससे कोई गलती ही नहीं, अपराध हुआ है, तो उसके व्यवहार को सद?्व्यवहार की श्रेणी में कैसे रखा जा सकता है? क्या यह हकीकत नहीं है कि बिलकिस बानो जैसी महिलाओं को लगातार आतंक के साये में जीना पड़ता है? लगातार उन पर दबाव होता है कि वह अपनी शिकायत वापस ले लें? हकीकत यह भी है कि पिछले डेढ़ साल में, यानी जब से ये अपराधी कथित सद्व्यवहार का पुरस्कार पाकर जेल से बाहर आये हैं, बिलकिस बानो चैन की नींद नहीं सो पायी?अब उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद बिलकिस बानो ने अपने वकील के माध्यम से यह कहलवाया है कि जैसे कोई मनो भारी पहाड़ उसके सीने से उतर गया है। डेढ़ साल में पहली बार अपने बच्चों से लिपट कर उसने खुशी के आंसू बहाये हैं। बिलकिस का यह कहना कम महत्वपूर्ण नहीं है कि 'मैं सुप्रीम कोर्ट की आभारी हूं कि उसने मुझे, मेरे बच्चों को, और सब महिलाओं को समान न्याय के अधिकार देने की उम्मीद जगाई है।' बिलकिस बानो ने उन जैसे सैकड़ों लोगों का आभार भी व्यक्त किया है जो अदालती लड़ाई में उसके साथ खड़े रहे। वह देश के उन करोड़ों लोगों की भी आभारी हैं जिनकी सहानुभूति उसे मिली है। ऐसे लोग हमारे देश में जो अन्याय के



विरुद्ध खड़ा होने में गर्व का अनुभव करते हैं। पर उनका क्या जो अन्याय करके या अन्याय का समर्थन करके स्वयं को गौरवान्वित समझते हैं?

अपराधियों का साथ देना या उनका समर्थन करना शर्म की बात होनी चाहिए। ऐसी शर्म किसी सभ्य समाज को भी परिभाषित करती है। मणिपुर की सड़कों पर महिलाओं के साथ दरिंदगी करने वाले हों या बलात्कार और हत्या के घोषित अपराधियों का अभिनंदन करने वाले, मनुष्यता को कलंकृत करते हैं ये लोग। मनुष्यता का तकाज़ा है कि समाज में अपराध के विरुद्ध भावना पनपे। इसके लिए हर स्तर पर, हर संभव कोशिश होनी चाहिए। बिलकिस बानो के इस कांड में जिसने भी गलत व्यवहार किया है, वह दंड का भागी है। सिर्फ कानून ही दंड नहीं देता, समाज भी उचित और विवेकपूर्ण व्यवहार करके आपराधिक तत्वों को सज़ा दे सकता है।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

## निशाना

### खुला दिया है छोड़ !



– कृष्णेन्द्र राय

रोक रहे ना उनको।
कर रहे नुकसान ।।
खुला दिया है छोड़।
आप नहीं अनजान ।।
आधिकारिक आप का।
फिर तो यही बयान ।।
मजा आ रहा लगता।
और शायद सम्मान ।।
ना कोई विरोध है।
और नहीं प्रतिकार ।।
खेल रहे हैं लगता।
दे रहे भी धार ।।
टिका आपका इस पर।
फिर पूरा संसार ।।
आप की ही शह पर।
शब्दों से प्रहार ।।

## आज का इतिहास

- **2020** - भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।
- **रक्षा** सचिव अजय कुमार ने कोलकाता में दो भारतीय तटरक्षक जहाजों (ढ्डष्टत्स) अर्थात् एनी बेसेंट और अमृत कौर को नियुक्त किया।
- **2018** - इसरो ने लॉन्च किया 100वाँ उपग्रह, एक साथ भेजे 31 सैटेलाइट्स।
- **2015** - कैमरून में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड में आतंकवादी संगठन बोको हराम के 143 आतंकवादी मारे गये।
- **2010**– भारत सरकार द्वारा नागर विमानन क्षेत्र पर आतंकी हमलो की आशंका के बीच विमान अपहरण रोधी क़ानून 1982 में मौत की सज़ा की धारा जोड़ी गई।
- **कैरेबियाई** देश हैती में आए भयंकर भूकंप में लाखों लोगों की मौत और राजधानी पोर्ट ओ प्रिंस का अधिकतर हिस्सा तबाह हो गया।
- **2009**– प्रसिद्ध संगीतकार ए. आर. रहमान प्रतिष्ठित गोल्डन ग्लोब अवार्ड जीतने वाले पहले भारतीय बने। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. जयन्त कुमार ने दुनिया का सबसे पुराना उल्का पिंड क्रेटर खोजा।
- **2008**– कोलकाता में आग से 2500 दुकानें जल कर खाक हुई।
- **2007** - हिन्दी फ़िल्म रंग दे बसन्ती बाफ़्टा के लिए नामांकित।
- **2006** - भारत और चीन ने हाइड्रोकार्बन पर एक महत्त्वपूर्ण सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।
- **2004** - दुनिया के सबसे बड़े समुद्री जहाज, आरएमएस क्वीन मैरी 2 ने अपनी पहली यात्रा की शुरूआत की।
- **2003** - भारतीय मूल की महिला लिंडा बाबूलाल त्रिनिदाद की संसद अध्यक्ष बनीं।

# युवा दिवस विशेष: जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का संदेश देते थे स्वामी विवेकानंद

**आचार्य प्रशांत**

देखो, किताबी ज्ञान देने वाले तो हमेशा से बहुत रहे हैं। स्वामी विवेकानंद अनूठे हैं उस आदर्श से जो उन्होंने जी कर प्रस्तुत किया। बहुत कम तुमने साधु-संत, सन्यासी देखे होंगे, जो इतने सुगठित-सुडौल शरीर के हों जितने विवेकानंद थे। खेल की, कसरत की उनकी दिनचर्या में बंधी हुई जगह थी, और यही नहीं कि सिर्फ व्यक्तिगत रूप से खेलते थे; अपने साथियों को भी कहें कि- आवश्यक है, व्यायाम आवश्यक है। अब इस बात को समझना; सूक्ष्म है। एक ओर तो शरीर को बनाकर रखना है, और दूसरी ओर शरीर से चिपक भी नहीं जाना है- जैसे शरीर एक उपकरण है, एक संसाधन है; इस्तेमाल करना है उसका। लेकिन जिस चीज का इस्तेमाल करना है, उसको इस्तेमाल करने के लिए ही सही, स्वस्थ और मजबूत तो रखोगे न? तो मजबूत तो इसको रखना है। उन्होंने कहा, मजबूत रखना है, लेकिन इससे पहचान नहीं बांध लेनी है। जब मौका आएगा, इसको हंसते-हंसते त्याग भी देंगे और शरीर की जितनी हम सेवा कर रहे हैं, जितना इसको तेल पिला रहे हैं, जितना इसको व्यायाम दे रहे हैं, इससे दूना इससे काम लेंगे। तो देह, ये मत सोचना कि मैं तेरा सत्कार भर कर रहा हूं। देह की सेवा बिलकुल करेंगे; उसे अच्छा भोजन देंगे, मांसपेशियों को ताकत से भरपूर रखेंगे, और ये सब करके तुझसे काम वसूलेंगे। देह काम वसूलने के लिए है। देह चमकाकर रुई में सुरक्षित सजाने के लिए थोड़े ही है। ये नई बात थी। सन्यासी फुटबॉल खेल रहे हैं- ये बिलकुल नई बात थी। नहीं तो बूढ़े भारत की बूढ़ी मान्यता तो ये रही थी कि सन्यासी अगर किसी को खेलते हुए देखें, तो कहें, आज ये खेल रहे हैं, कल काल इनके साथ खेलेगा बच्चा। तो इस ढहते हुए देश के ढहते हुए अध्यात्म में स्वामी विवेकानंद ने एक ताक़त भर दी - स्ट्रेंथ इज़ लाइफ, वीकनेस इज़ डेथ (शक्ति जीवन है, निर्बलता मृत्यु है)।



सुनने में साधारण सी बात है, पर बहुत-बहुत कीमती और प्रासंगिक बात है, क्योंकि बहुत पुराना है भारत; इतना पुराना होता गया, होता गया, वृद्ध ही हो गया, जर-जर ही हो गया; ताकत को, स्ट्रैंथ को बिलकुल भूल ही गया। उस वृद्ध भारत में नए प्राणों का संचार करा स्वामी विवेकानंद ने।उन्होंने जीवन से जो क्रान्तिकारी आदर्श प्रस्तुत करा है, उसको देखिए। उनको एक स्वामी मात्र की तरह मत देखिए, या उनको एक वक्ता या लेखक मात्र की तरह मत देखिए। स्वामी विवेकानंद को आप बहुत ज्यादा उनके कृतित्त्व से नहीं जान पाएंगे। आप कहें, 'मैं उनकी राज योग पर या कर्म योग पर किताबें पढ़ लूंगा तो मुझे पता चल जाएगा कि स्वामी विवेकानंद कौन थे,' तो बात बनेगी नहीं। आपको उस इंसान की जिंदगी को देखना पड़ेगा - बड़ा खूबसूरत, जवान आदमी था। और जब आप उसकी जिंदगी को करीब जाकर देखेंगे, प्यार हो जाएगा आपको; बिलकुल मुरीद हो जाएंगे, फैन। क्योंकि योग इत्यादि की बातें तो बहुतों ने करी, स्वामी विवेकानंद ने भी करी, आज भी न जाने कितने लोग कर रहे हैं।

बातों की हिन्दुस्तान में कब कमी रही है? बातें करने वाले तो बहुत हैं, करके दिखाने वाले लोग कम रहे हैं। उन्होंने करके दिखाया। उन्होंने खुद आगे खड़े होकर आदर्श प्रस्तुत किया, और बिलकुल नए ढंग का आदर्श - उन्होंने अध्यात्म को जमीन पर उतार दिया, सड़क पर उतार दिया; भारत की ही नहीं, अमेरिका की सड़क पर उतार दिया। जीवन में अगर ज्ञान उतरा है, किसी भी तरीके से - विवेकानंद को रामकृष्ण मिले थे, उस ज़रिए से उनके जीवन में ज्ञान उतरा था। आपके जीवन में किसी भी जरिए से अगर ज्ञान उतरा है, तो ज्ञान के बाद फिर मिशन चाहिए। अगर रामकृष्ण गुरु मिले हैं, तो फिर रामकृष्ण मिशन आएगा ही आएगा। मैं बार-बार कहा करता हूं, मुझे मत बताओ कि तुम्हें पता क्या है। मुझे दिखाओ तुम जी कैसे रहे हो। ये सब पता होना, जानकारी, ज्ञान इत्यादि बहुत मूल्य की चीज नहीं है; बहुतों को पता है। और जीने में जो एक केन्द्रीय बात विवेकानंद पकड़ते थे, वो थी 'ताकत'। मुझे दिखाओ तुम्हारी जिंदगी में ताकत कितनी है?

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# जिपं सीईओ ने केसला ब्लॉक में किया भ्रमण, मनरेगा व आजीविका मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सोजान सिंह रावत द्वारा दिनांक 11 जनवरी को जनपद पंचायत केसला की ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर मनरेगा योजना के कार्यों का निरीक्षण किया गया सीईओ जिला पंचायत श्री रावत द्वारा मनरेगा के तहत बनाई जा रही गौशाला एवं मनरेगा तथा आजीविका समूह के माध्यम से ग्रामीणों को दिए जा रहे पोषण वाटिका एवं नंदनपुर उद्यान का निरीक्षण किया गया ग्राम पंचायत ताकू में सामुदायिक भूमि पर आजीविका समूह की महिलाओं द्वारा विकसित की जा रही सामुदायिक पोषण वाटिका का निरीक्षण किया गया एवं उक्त पोषण वाटिका के उत्पादन से महिलाओं को हो रहे आर्थिक लाभ की जानकारी ली गई ग्राम पंचायत ताकू में ही हितग्राहियों को दिए जा रहे आम तथा संतरे के नंदन फलोउद्यान का भ्रमण किया गया उक्त भ्रमण के दौरान को सीईओ जिला पंचायत श्री रावत द्वारा निर्देश दिए गए की शीघ्र ही हितग्राहियों के उत्पाद के मार्केट लिंकेज हेतु व्यवस्था की जाए हितग्राही उनके फल उचित दाम पर विक्रय कर सकें यह सुनिश्चित करना होगा। साथ ही निर्देश दिए गए कि सामुदायिक पोषण वाटिका में समस्त पैदावार जैविक खाद का उपयोग कर की जाए फल व सब्जी के उत्पादन में रासायनिक खाद उपयोग न हो समय समय पर उद्यानिकी विभाग के अमले का भृमण करवाकर पौधों की देख रेख सुनिश्चित करवाई जाए। जनपद सीईओ को निर्देश दिए गए कि चिनिहित 5 अन्य ग्राम पँचायतों में भी पोषण वाटिका के कार्य प्राम्भ किये जायें। भ्रमण के दौरान सीईओ जनपद रंजीत ताराम, ज़िला पँचायत के परियोजना अधिकारी अभिषेक तिवारी, शैलेश उके, आदित्य शर्मा व सहायक यंत्री सुनील धुर्वे, उपयंत्री रोहित यादव अन्य जनपद स्तरीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

17 जनवरी तक मनाया जाएगा सड़क सुरक्षा सप्ताह

# कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया वाहन रैली को रवाना



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा हैं। इसी तारतम्य में गुरुवार को जागरूकता गतिविधियों के तहत विशाल ऑटो रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बढ़ी सख्या में ऑटो चालकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ने कलेक्ट्रेट से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर में अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह , एडिशनल एसपी आशुतोष मिश्रा , डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा, आरटीओ श्रीमती निशा चौहान , ऑटो यूनियन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ऑटो चालक संघ द्वारा कलेक्टर सुश्री मीना का स्वागत किया गया। ऑटो चालकों द्वारा विभिन्न सड़क सुरक्षा संबंधी पोस्टर बैनर लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही वाहन में जागरूकता के पोस्टर्स भी लगाए गए। कलेक्टर सुश्री मीना सहित अन्य अधिकारियों ने जिले के नागरिकों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की गई। ऑटो रैली कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर सतरस्ता, हलवाई चौक, पांडे हॉस्पिटल , इंदिरा चौक, बस्टैंड , मीनाक्षी चौक , हरियाली चौक होते हुए आरटीओ कार्यालय में समापन किया गया।

मजदूर संघ का कहना है- स्थापना में पदस्थ महिला कर्मचारी के पति कुबेर की तरह सीएमओ के लिए कर रहे हैं काम

# लेखा शाखा में पदस्थ कर्मचारी की वजह से विवादों में घिरते जा रहे सीएमओ पांडे!

## सीएमओ पर स्थापना लिपिक महिला कर्मचारी को संरक्षण देने का आरोप



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका कर्मचारी मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मजदूर संघ के अध्यक्ष राजेश अत्रे ने दिनांक - 27/12/23 को सहायक स्थापना प्रभारी कनिष्ठ लिपिक महिला को स्थापना शाखा से अन्य विभाग में स्थानांतरित किये जाने हेतु शिकायत पत्र दिया गया है. जिसका सीएमओ द्वारा अनदेखा किया जा रहा है.कनिष्ठ लिपिक महिला के द्वारा मजदूर संघ के पत्रो का जबाब नहीं दिया जाता. पदाधिकारियों से विवाद किया जाता हैं आये दिन बगैर सूचना दिये अवकाश पर चली जाती हैं. पदस्थ सीनियर व समकक्ष कर्मचारी इनके विरोधी पूर्ण कार्य से परेशान हैं. इनके पति राजनैतिक रसूख रखते हैं व सीएमओ के लिए कुबेर की तरह काम कर रहे है बस इसी कारण सीएमओ कनिष्ठ महिला लिपिक के लिए कवच की तरह काम कर रहे है।

### भविष्य में कोई अनहोनी घटना भी हो सकती है

श्री वर्मा ने बताया मजदूर संघ के पत्र दिनांक - 27/12/23 से आधार केन्द्र संचालक राहुल वानखेडे जो जनता से आधार कार्य को लेकर ठगी का काम कर रहे है इनके अवैध लेन देन का कोई विरोध करता है तो एट्रोसिटी एक्ट के तहत पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवा देते है सभी की गई शिकायतें जिसमें आधार से संबंधित उपकरण को नुकसान झूमा झटकी जान से मारने की धमकी देना शामिल रहता है इस प्रकार आधार संचालक तीन से चार अलग अलग व्यक्तियों की शिकायत कर चुके है इनके कारण आये दिन नगरपालिका की छवि धूमिल हो रही हैं निकट भविष्य में कोई अनहोनी घटना भी हो सकती है.जिसका अनदेखा किया जा रहा हैं मजदूर संघ अपेक्षा करता है कि स्थापना प्रभारी कनिष्ठ लिपिक महिला व आधार केन्द्र संचालक पर मजदूर संघ ने जो शिकायत पत्र दिये हैं उन पर संग्यान लेकर कर्मचारी व जनहित में उचित कार्यवाही करते हुये समस्याओं का समाधान करें।

# मतदान केन्द्र से अनुपस्थित रहने पर तीन बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी

**रायसेन।** फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षित पुनरीक्षण-2024 अंतर्गत सभी बीएलओ को 06 जनवरी से अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने या हटवाने हेतु दावा-आपत्तियां प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे ने सिलवानी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तीन बीएलओ को मतदान केन्द्र में उपस्थित नहीं रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि 10 जनवरी 2024 को उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान सिलवानी विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक-107 के बीएलओ श्री अशोक चौबे सचिव ग्राम पंचायत पिपलिया बिचौली, मतदान केन्द्र क्रमांक-201 बर्धा के बीएलओ श्री रवीन्द्र रघुवंशी प्राथमिक शिक्षक तथा मतदान केन्द्र क्रमांक-183 बम्होरी के बीएलओ श्री सुरेन्द्र गौर रोजगार सहायक अपने-अपने मतदान केन्द्रों से अनुपस्थित पाए गए। जिसके कारण फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ है। संबंधित बीएलओ का यह कृत्य दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने का परिचायक है। जिसके दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने बीएलओ श्री अशोक चौबे, श्री रवीन्द्र रघुवंशी तथा श्री सुरेन्द्र गौर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए तीन दिवस में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समयावधि में जबाव प्रस्तुत नहीं करने या जबाव समाधानकारक नहीं होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

ग्वालियर संभाग को हराकर नर्मदा पुरम पुरम ने जीती बाजी

# जल संसाधन विभाग के ब्रजेन्द्र पाठक कैरम व शतरंज में विजेता बने

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



मध्यप्रदेश सिचाई विभाग की शिवपुरी में चल रही 32 वी अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में केरम व्यक्तिगत में नर्मदापुरम क्षेत्र के उत्कृष्ट खिलाड़ी ब्रजेन्द्र कुमार पाठक ने ग्वालियर क्षेत्र के अभय कुमार जैन को हराकर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया.

क्षेत्रीय अध्यक्ष बसारत खान ने बताया कि वहीं शतरंज में भी श्री पाठक ने ग्वालियर क्षेत्र को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्री पाठक के विजेता होने पर नर्मदा पुरम क्षेत्रीय स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक राजा राम मीणा, प्रभारी महेन्द्र ओगल, क्षेत्रीय सचिव हेमन्त अजनेरिया, सह सचिव पंजाबराव झरबड़े, उपाध्यक्ष मेघा बंसल, अशोक शर्मा, जिलाध्यक्ष हरदा मौसम पोर्ते, जिलाध्यक्ष नर्मदापुरम योगेंद्र राव लितकर, जिलाध्यक्ष बैतूल बाशु वारिवे, जिलाध्यक्ष छिंदवाड़ा वैभव दुबे, क्षेत्रीय सहलाकर शाहिद हुसैन, राज श्री कटारे समन्वयक विनय पाण्डे सहित छिंदवाड़ा जल संसाधन अधीक्षण यंत्री ए के डेहरिया, बैतूल जल संसाधन कार्य पालन यंत्री विपिन वामनकर, तवा परियोजना संभाग इटारसी के कार्यपालन यंत्री वी के जैन, सोहागपुर कार्यपालन यंत्री शैलेंद्र पिपरे, जल संसाधन हरदा संभाग कार्य पालन यंत्री डीके सिंह,अनिल गुर्जर हरदा , एसडीओ सोनिया, खातरकर, रैकवार, घुरेले, सब इंजीनियर दिनेश बुंदेला, एमएफ खान गायकवाड उमरिया ,सहित जल संसाधन संभाग विद्युत यांत्रिकी लेखाधिकारी केके अहिरवार अरविंद वस्तरवार सहित सभी कर्मचारियों ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन पर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की.

जल संसाधन विभाग नर्मदापुरम खिलाड़ी दल के प्रभारी महेंद्र ओगले ने जानकारी देते हुए बताया प्रांत स्तरीय जल संसाधन विभाग खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन 12 जनवरी तक शिवपुरी में किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नशा मुक्ति रैली का आयोजन





**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रभारी डॉ मोहन सिंह गुर्जर ने बताया कि यह रैली कुसुम महाविद्यालय प्रांगण से होते हुए बनापुरा बस स्टैंड तक निकाली गई।

रैली प्रारंभ होने से पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचना युवाओं का संकल्प होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए कहा कि नशे की खिलाफत को जन आंदोलन का रूप देना है जिसमें नशे के खिलाफ हर व्यक्ति को जोड़कर अपना योगदान देना है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोहन सिंह गुर्जर ने बताया दुनिया में कोई कार्य असंभव नहीं है नशा भी छोड़ा जा सकता है इसके लिए दृढ़ संकल्प लेना जरूरी है। एनसीसी महिला बिन प्रभारी डॉक्टर जया कैथवास नशे से सामाजिक जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है इसके बारे में बताया। रैली में छात्र-छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति के नारे लगाए गए। इस रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक आदर्श गौर, इमरान शाह, राजकुमार, शिव बकोरिया, आदर्श एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

# विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ ही हितग्राहियों को किया जा रहा है लाभान्वित

**रायसेन, दोपहर मेट्रो**



प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। जिले में प्रतिदिन ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है। इस दौरान ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के वार्डो में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें हितग्राहियों को सरकार की योजनाओं के हितलाभ वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही आईईसी वैन के माध्यम से तथा विभागों द्वारा शिविर में स्टॉल लगाकर नागरिकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए आवेदन लिए जा रहे हैं।

जिले में गुरूवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा सांची विकासखण्ड की ग्राम पंचायत नरखेडा तथा सरार में, उदयपुरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत छातेर तथा अमगवा में, सिलवानी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत नरायणपुर तथा पिपलिया पुवारिया में, बाड़ी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत उडदमउ, ईटखेडी, ,खमरिया तथा सोहनपुर में, औबेदुल्लागंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बोरपानी तथा विनेका बोरपानी में, गैरतगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गोरखा तथा सोडरपुर में और बेगमगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सुनवाहा और जमुनिया टीके पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा के इन ग्राम पंचायतों में पहुंचने पर शिविर आयोजित किए गए। शिविरों के प्रारंभ में जनप्रतिनिधियों द्वारा आईईसी वैन (प्रचार रथों) का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत शिविरों में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए गए।

### स्टॉल लगाकर दी योजनाओं की जानकारी

शिविरों में विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही आवेदन भी लिए गए। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में स्वास्थ्य विभाग तथा आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर ग्रामीणों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया गया। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों के आधार कार्ड अपग्रेड करने का कार्य भी किया गया। खाद्य विभाग द्वारा उज्जवला योजना के नए पंजीयन, पशुपालक, मछुआरे के क्रेडिट कार्ड के लिए नए आवेदन लिए गए। कृषि विभाग द्वारा केसीसी उन्नत कृषि यंत्र, पीएचई विभाग नल जल योजना, राजस्व विभाग द्वारा पीएम किसान निधि एवं स्वामित्व योजना के साथ अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग द्वारा किसानों के समक्ष ड्रोन के माध्यम से खेतों में उर्वरकों के छिड़काव का भी प्रदर्शन किया गया।



ऑल इंडिया जमीअतुल कुरैश की जानिब से





# ऑल इंडिया कुरैश बिरादरी के शादी समारोह में 35 से ज्यादा जोड़ों का निकाह पढ़ाया गया

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल आल इंडिया जमीअतुल कुरैश के आयोजन पूरे हिंदुस्तान में कई शहरों में आयोजित कर चुकी हैं इसी कड़ी में भौपाल में भी इस समारोह का आयोजन कर बिरादरी को फिजूल खर्ची और दहेज प्रथा जैसी कुरीति से बचाने का नौजवानों ने संकल्प लिया इस आयोजन में शहर काजी जनाब मुशताक अली नदवी सहाब ने शिरकत कर बिरादरी के नौजवानों को नबी के तरीको पर और सुन्नत पर अमल करने की नसीहत दी। कुरैश बिरादरी की हौसला अफजाई करने पहुँचे भौपाल मध्य विधायक आरिफ मसूद सहाब ने बिरादरी की तरक्की और बच्चों में शिक्षा. सेहत और बहुत से मसाईलों पर रौशनी डाली और जमीअतुल कुरैश के कामों को सराहा। जमीअतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष जनाब हाजी हनीफ कुरैशी सहाब ने जलसे में आये तमाम नये दूल्हा दुल्हन को आने वाली जिंदगी में खुशी और मोहब्बत से रहने की सलाह दी और जमीअत की तरफ से करगुजारियों पर रौशनी डाली।

इस मुबारक मौके पर शहर जिला अध्यक्ष शारिक अहमद ने तमाम वालाटियर्स और प्रोग्राम के आयोजक इकराम कुरैशी और उनकी पूरी टीम को मुबारकबाद दी और हौसला बढ़ाया। इस आयोजन में भोपाल. इंदौर. उज्जैन. सीहोर और प्रदेश के कई शहर और जिलों से आये चौधरी और बिरादरी के पदाधिकारी और कई गणमान्य लोग शामिल हुए जिनमें भौपाल से आरिफ कुरैशी. सागर से पम्मा भाई. सीहोर से शफीक कुरैशी और समाज के लोगों ने भारी तादात में शिरकत की।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कुरवाई विधायक ने अधिकारियों को लगाई फटकार

# अधिकारी कर्मचारी सुन लें, पात्र हितग्राही परेशान हुए तो बख्शा नहीं जाएगा: सप्रे





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत कर्राखेड़ी एवं चाठोली में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। यात्रा का शुभारंभ कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, जिला पंचायत स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के सभापति प्रतिनिधि भगत सिंह रघुवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता भैरों सिंह कुर्मी, लक्ष्मण सिंह रघुवंशी, दीवान सिंह दांगी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्या अर्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। इस संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं हितलाभ देने का है। साथ ही जिन लोगों को योजनाओं का लाभ मिला है ऐसे हितग्राहियों द्वारा उनके अनुभव भी कार्यक्रम के दौरान साझा किए जाते हैं जिससे कि लोगों को प्रेरणा मिल सके। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह सप्रे ने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित ग्रामीणों से बातचीत कर प्रचार रथ के माध्यम से विकसित भारत संकल्प वीडियो एलईडी के माध्यम से ग्रामीणों के बीच बैठकर देखा। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री सप्रे ने कहा कि कांग्रेस द्वारा फैलाई जा रही झूठी बातों में ना आए सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाएं ऐसे ही निरंतर चालू रहेंगी। इसीलिए किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है यह भाजपा की सरकार है यहां सभी को पात्रता के आधार पर लाभ दिया जाता है। वही उन्होंने कहा कि ऐसे गरीब एवं पात्र हितग्राही जिन्हें केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है उनके लिए क्षेत्र में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से उचित लाभ प्रदान करने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर सीईओ वंदना शर्मा, नायब तहसीलदार, जनपद उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, राकेश रघुवंशी, अरविंद रघुवंशी संजीव दांगी, मनोहर लाल कुर्मी, शिवराज सिंह रघुवंशी, मोहित रघुवंशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## बिजली की शिकायत सुन आग बबूला हुए विधायक

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत चाठोली में ग्रामीणों ने नल जल योजना को लेकर शिकायत की जिस पर विधायक श्री सप्रे ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला अधिकारी से जांच कर कर कार्रवाई की बात कही। अटल ज्योति योजना के तहत ग्रामीणों को 5 घंटे बिजली मिलने की शिकायत जैसे ही आई विधायक ने मंच से ही बिजली कंपनी के अधिकारियों को आवाज लगाई लेकिन वरिष्ठ अधिकारी नहीं होने पर मंच के पास पहुंचे प्राइवेट कर्मियों को देखकर विधायक आग बबूला हो गए उन्होंने तत्काल जिला अधिकारी से मौके पर ही बात कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा बिजली कंपनी की शिकायत विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान देखने को मिल रही है आखिर ऐसी क्या बात है कि बिजली कंपनी के अधिकारी लगातार शिकायत मिलने के बाद भी समाधान नहीं निकाल पा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि मैं जितना शांत विधायक हूं उतना ही खराब हूं यदि मेरे क्षेत्र की जनता को किसी प्रकार की कोई परेशानी होती है और अधिकारी नहीं सुनते तो ऐसे अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई होगी।

## योजनाओं की दी जानकारी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया पुरस्कृत

विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जीवन ज्योति बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, हर घर जल-जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित सिकलसेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकार पट्टा, व्यक्तिगत एवं सामूहिक वन धन विकास केन्द्र आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। तो चाय स्वास्थ्य शिविर, टीबी परीक्षण, जनजातीय क्षेत्रों में सिकलसेल एनीमिया परीक्षण, पीएम उज्ज्वला नवीन पंजीयन, मेरा भारत स्वयंसेवक पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड पंजीयन, आधार अपडेशन, बैंक लोन, पीएम स्वनिधि आदि के स्टॉल लगाया गए। हितग्राहियों ने विभागीय अधिकारियों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर पहुंचकर अपनी समस्या सुनाई।

# 8वीं व 10वीं पास समयपाल दैनिक वेतन भोगियों के हवाले निर्माण कार्य

### स्थाई कर्मचारियों को क्यों दूर रखा है उठ रहे है सवाल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कुछ दिनों पहले जों नगर पालिका सिरोंज में गड्डे और नलो का कार्य करते दिखाई देते थे वें अब कई बडे अहम पदों को संभाले हुए है जिससे नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है कि सहाब की इतनी जल्दी तरक्की हुई है कि वें अब किसी से सीधे मुँह बात करना पसंद नही करते है। देखा जाए कि नगर में विकास का जिम्मा संभालने वाली नगर पालिका में 8वी व 10वी पास समयपाल दैनिक वेतन भोगियों के हवाले इंजीनियर शाखा के निर्माण कार्यो की जिम्मेदारी दे रखी है कि यह सडको का कार्य की देख रेख करेगे। नपा के जिम्मेदारों को शायद यह नही पता कि यह कार्य कितना महत्वपूर्ण होता है यह किस कर्मचारी को जिम्मेदारी देनी है किस लेवल के कर्मचारी का कार्य है और कौन कार्य करा सकता है। देखा जाए कि जों निर्माण कार्य होता है उसमें किस प्रकार का मटेरियल स्तेमाल हो रहा है इसकी जानकारी या गुणवत्ता की जानकारी उस कर्मचारी को है कि यह कार्य है वों सही भी ठेकेदार कर रहा है या नही उन्हे तों यह पता है कि निर्माण कार्य हो रहा है इस लिए तों ठेकेदार अपनी मनमर्जी का कार्य करते है और चलते बनते है जिसका खामियाजा नगर की जनता को भुगतना पडता है इसका उदाहरण हम आपको बताते है नगर पालिका में गत वर्षो पूर्व में कष्टम पथ स्थित रामलाला मंदिर के पास से जों निर्माण हुआ था वों मात्र 2 माह में पूरा उखड गया था जों आज भी वही हालत में है और लोग उसी मार्ग से गुजर कर



आवाजाही कर रहे है। अगर जिम्मेदार अधिकारी सही तरीके से पदो पर पदस्थ कराकर षाखा संभालवाएगें तों कार्य सही तरीके से होगे। वही नगर पालिका का क्या कहना है कई ऐसे भी दैनिक वैतन भोगी है जों सिर्फ साईन करने आते है इसके बाद उनका अता पता ही नही रहता है अगर उस शाखा में वों पदस्थ है तों नगर के नागरिक उनको ढूढना पडजा है और पता चलता है कि वों अभी तों यही थे देख लों यही कही होगे। कई कर्मचारी तों आते ही नही है जिनकी सैलरी बराबर निकलती है लेकिन वों कार्य करने नही आते है।

**इनका कहना है -**

*मै बाहर था अभी आया हुँ आकर देखता हुँ।*

***रामप्रकाश साहू** नपा प्रभारी सीएमओं नगर पालिका सिरोंज*

# चितौरा की गौशाला में इंतजाम नहीं होने पर, गायों की हुई मौत, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

संवेदनशील सरकार होने के बाद भी गौशालाओं के संचालन में उचित व्यवस्था नहीं होने मवेशी की हालात गौशालाओं में खराब हो रही है। भूख प्यास तथा ठंड के कारण अब उनकी मौत भी होने लगी है फिर भी जिम्मेदारों के द्वारा उचित इंतजाम नहीं करवाया जा रहे हैं।शासन के द्वारा गौशालाओं के संचालन के लिए बजट भी उपलब्ध करवाया जा रहा है पर अधिकांश गौशालाओं का संचालन भगवान भरोसे ही हो रहा है। गौ माता के ऊपर किसी के द्वारा दया और सेवा की भावना दिखाई नहीं देती है केवल खुद की सेवा करने की चिंता होती है। इस वजह से गौशालाओं में मवेशियों की हालत खराब हो रही है। अधिकांश गौशालाओं में कई दिनों तक व्यवस्था नहीं की जाती है मवेशियों को अंदर बंद करके छोड़ दिया जाता है की वजह से उनकी कई बार मौत भी हो चुकी है। इसी तरह के एक मामला



फिर ग्राम चितौरा में संचालित होने वाली गौशाला में यहां पर कई मवेशियों की मौत हो गई पर इनको देखने वाला कोई नहीं है शिकायतों पर भी ध्यान नहीं दे जा रहा है। इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है फिर भी उनके लिए ठंड से बचने का इंतजाम नहीं की जा रहा है।

मवेशियों की भूख और प्यास से मौत हो रही है।क्योंकि समय पर भूसा और पानी की उपलब्ध नहीं कराया जाता है। कई दिनों तक साफ-सफाई भी नहीं होती है इस वजह से मवेशियों की गौशालाओं में मौत हो रही है यहां पर इसी तरह की स्थिति देखने को मिल रही है। अब जिम्मेदारों के द्वारा जांच करके कार्रवाई करने की बात कही जा रही है देखना है कि इस बार भी कार्रवाई होगी या फिर कार्रवाई के नाम पर खाना पूर्ति कर दी जाएगी।

**इनका कहना है -**

*इंजीनियर को भेज कर गौशाला की जांच करवा रहे हैं जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी उस पर कार्रवाई की जाएगी।*

***वंदना शर्मा**, जनपद सीईओ*

# आपदा पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू, बचाव कार्य के मूल सिद्धांत समझाए गए

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**



जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, जिला विदिशा द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण अन्तर्गत आपदा पूर्व तैयारी एवं क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्राट अशोक अभियांत्रिकी संस्थान, विदिशा मे आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह में संयुक्त कलेक्टर राजेश गुप्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित कर विभिन्न बिंदुओं पर अपने विचार व्यक्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाराज जीवाजी राव एजुकेशन सोसाइटी के सचिव डॉ. एलके मरखेड़कर शामिल हुए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न बिंदुओं पर पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिला सलाहकार, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अजीत बाथम ने शिक्षकों प्रशिक्षण दिया गया। जिन बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया है उनमें आपदा का परिचय , आपदा के प्रकार, आपदा का वर्गीकरण, आपदा प्रबंधन के मूल सिद्धांत, आपदा प्रबंधन चक्र, आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005, महाविद्यालय आपदा प्रबंधन कार्ययोजना, अग्नि सुरक्षा प्रबंधन, अग्निशमन यंत्र का उपयोग, खोज एवं बचाव कार्य के मूल सिद्धांत शामिल हैं।

नगर पालिका परिषद , विदिशा की ओर से फायर अधिकारी द्वारा अग्नि सुरक्षा प्रबंधन पर चर्चा की गई एवं फायर फाइटिंग का डेमोंस्ट्रेशन भी दिया गया। उक्त कार्यशाला मे 60 से अधिक शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

**मेट्रो एंकर** | दो दिवसीय राज्य स्तरीय ओलिंपियाड चैंपियनशिप का सीहोर में शुभारंभ

# 208 विद्यार्थी पहुंचे सीहोर 20 का राज्य स्तरीय फाइनल राउंड के लिए किया जाएगा चयन

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**

शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में सत्र 2023-24 में अध्ययनरत कक्षा 2 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय राज्य स्तरीय इंग्लिश ओलंपियाड (वर्ड पावर चैंपियनशिप) का जिला मुख्यालय स्थित शासकीय चन्द्रशेखर आजाद महाविद्यालय मे प्रारंभ हो गया है। इस आयोजन का शुभारंभ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी कलेक्टर श्री आशीष तिवारी एवं ओलिंपियाड के राज्य नोडल अधिकारी श्री डॉ आरपी त्रिपाठी ने किया।

इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर अशीष तिवारी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के उज्जवल भविष्य के लिए बच्चों का बौद्धिक विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा 95 प्रतिशत अंक लाने से ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बच्चों का बौद्धिक विकास बच्चों के समग्र विकास में अभिभावकों एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे बच्चों को जैसा गढेंगे, वे वैसा ही बनेगे। उन्होने कहा कि ओलंपियाड प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक अच्छा प्लेटफार्म है। राज्य स्तरीय ओलंपियाड में शामिल होने के



लिए आए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में ओलंपियाड के राज्य नोडल अधिकारी डॉ आरपी त्रिपाठी एवं सहायक कलेक्टर श्री अर्पित गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय तोमर, डीपीसी श्री रमेश राम उइके, प्रदेश भर से आए शिक्षक, अभिभावक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि वर्ड पावर चैंपियनशिप के लिए देशभर के अलग-अलग राज्यों से दो लाख शिक्षकों के 16 लाख से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया है। मध्यप्रदेश में राज्य स्तर पर आयोजित की जा रही इस इस प्रतियोगिता में 4 राउंड होंगे। जिसमे मुख्यतः रीडिंग, स्पेलिंग और शब्दकोश पर आधारित परीक्षा ली जाएगी।

## प्रदेश के सभी जिलों से 208 छात्र, शिक्षक एवं अभिभावक के साथ पहुंचे

ओलंपियाड में राज्य स्तर की परीक्षा 11 और 12 जनवरी गुरुवार और शुक्रवार को सीहोर जिले में आयोजित जा रही है। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों के करीब एक लाख शिक्षकों ने करीब 10 लाख से अधिक विद्यार्थियों को संकुल स्तर की परीक्षा में शामिल करवाया था। जिसमे सेमी फाइनल राउंड के लिए 208 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। ये सभी विद्यार्थी अपने शिक्षकों और अभिभावकों के साथ प्रतियोगिता में सहभागिता के लिये सीहोर पहुँच हैं। आज 11 जनवरी को होने वाले सेमीफाइनल में इन चयनित 208 विद्यार्थियों में से 20 विद्यार्थियों राज्य स्तरीय फाइनल राउंड के लिए चयन किया जायेगा। प्रतियोगिता के फाइनल राउंड और पुरस्कार वितरण का आयोजन 12 जनवरी को किया जायेगा।







# एशिया का सबसे बड़ा फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

## 68 साल में एक भी खिताब नहीं जीता भारत, पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से

**कतर, एजेंसी**

कतर में आज से एशिया का सबसे बड़ा फुटबॉल टूर्नामेंट एएफसी एशियन कप शुरू हो रहा है। भारत का पहला ही मुकाबला 2015 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारतीय टीम ने पहली बार लगातार दो सीजन के लिए क्वालिफाई किया है। ब्लू टाइगर्स के नाम से मशहूर हो रही भारतीय टीम को को ग्रुप-बी में ऑस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान और सीरिया के साथ रखा गया है। भारत 5वीं बार एशियन कप खेल रहा है। टीम के सामने एशिया की टॉप-24 टीमों का चैलेंज होगा। फिलहाल, भारतीय फुटबॉल टीम इंटरनेशनल ब्रेक (इंटरनेशनल मैच खेल रही है) पर है। भारतीय टीम 68 साल से इस टूर्नामेंट में खेल रही है लेकिन आज तक चैंपियन नहीं बन सकी। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम का अब तक का बेस्ट परफॉर्मेंस 1964 में आया है। तब टीम दूसरे नंबर पर रही थी। इजराइल चैंपियन बना था।

### सीरिया से जीत का अनुमान

भारतीय टीम सीरिया के खिलाफ जीत सकती है। भारत ने 6 में से 3 मैचों में सीरिया को हराया है, 2 में टीम को हार मिली, जबकि एक मुकाबला ड्रॉ भी रहा। सीरिया ने वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स में नॉर्थ कोरिया को 0-1 से हराया। टीम किर्गिस्तान (1-1) और मलेशिया के खिलाफ (2-2) ड्रॉ खेल सकी। उसे इकलौती हार जापान के खिलाफ 0-5 से मिली थी।

### एशियन कप इसलिए खास

जैसे यूरो कप यूरोप और कोपा अमेरिका लैटिन अमेरिका का टॉप इंटरनेशनल टूर्नामेंट है, ठीक वैसे ही एशियन कप फुटबॉल एशियाई महाद्वीप का सबसे बड़ा फुटबॉल टूर्नामेंट है। इस टूर्नामेंट में पूरे एशिया की टॉप 24 टीमें हिस्सा लेती हैं। टूर्नामेंट का आयोजन हर 4 साल में होता है और यह 1956 से (68 सालों से) खेला जा रहा है।

### 8 में ऑस्ट्रेलिया ने 5 और भारत ने 2 मैच जीते

ऑस्ट्रेलिया 2015 की चैंपियन है। टीम को 2006 में एशियन फुटबॉल फेडरेशन की सदस्यता मिली और 2007 से टीम ने हर संस्करण में हिस्सा लिया। टीम 2022 के फीफा वर्ल्ड कप में राउंड-16 तक पहुंची थी। पिछले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 7-0 से भी हराया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक 8 मैच खेले गए, 5 में ऑस्ट्रेलिया को और 2 में भारत को जीत मिली। एक मुकाबला ड्रॉ भी रहा। आखिरी बार भारत ने 1956 में ऑस्ट्रेलिया को 7-1 से हराया था, तब भारत एशिया की टॉप टीम थी। दोनों टीमें आखिरी बार 2011 के एशियन कप में भिड़ी थीं, तब भारत को 0-4 से हार का सामना करना पड़ा था।

### उज्बेकिस्तान से पहली जीत का इंतजार

भारत को उज्बेकिस्तान के खिलाफ पहली जीत का इंतजार है। 1996 से टीम लगातार एशियन कप खेल रही है। हाल ही में वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स में उज्बेकिस्तान ने तुर्कमेनिस्तान (3-1), किर्गिस्तान (4-1) और फिलिस्तीन को (1-0) हराया। एशिया की टॉप टीमों में से एक ईरान के खिलाफ भी टीम ने हाल ही में 2-2 से ड्रॉ खेला था। भारत-उज्बेकिस्तान की आखिरी भिड़ंत 2001 के मेरडेका टूर्नामेंट में हुई थी, तब टीम इंडिया को 1-2 से हार मिली। अब तक हुए दोनों के बीच हुए 6 मैचों में से 4 भारत ने गंवाए, जबकि 2 मुकाबले ड्रॉ भी रहे।

*भारतीय टीम की वीकनेस: इगोर स्टिमाक ने टीम अनाउंसमेंट के दौरान कहा था कि टीम को सेट पीस (पेनल्टी, कॉर्नर और फ्री-किक) पर काम करना होगा। अहम मौकों को टीम गोल में तब्दील नहीं कर पाती। टीम के स्ट्राइकर पेनल्टी बॉक्स के अंदर घबरा जाते हैं। बॉल मिडफील्ड से पेनल्टी बॉक्स के अंदर आसानी से आ जाती है, लेकिन विंगर ठीक से फीनिश नहीं कर पाते। टीम ने पिछले कुछ समय से पेनल्टी बॉक्स के अंदर कई गोल मिस किए हैं।*

### भारत की अफगानिस्तान पर टी-20 में 5वीं जीत

# टीम 3 मैचों की सीरीज में इंडिया 1-0 से आगे

## सीरीज का दूसरा मुकाबला 14 जनवरी को

**मोहाली, एजेंसी**

भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला 6 विकेट से जीत लिया है। टीम इंडिया ने अफगान के खिलाफ अपना अजेय रिकॉर्ड जारी रखा है। यह भारत की अफगानिस्तान पर टी-20 में 5वीं जीत है। इस जीत से भारतीय टीम 3 मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। सीरीज का दूसरा मुकाबला 14 जनवरी को इंदौर में खेला जाएगा। मोहाली में गुरुवार को टीम इंडिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 158 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 17.3 ओवर में 4 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया। शिवम दुबे ने नाबाद 60 रन बनाए, जबकि जितेश शर्मा ने 31 रन की पारी खेली। ओपनर शुभमन गिल ने 23 और तिलक वर्मा ने 26 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में मुकेश कुमार और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट लिए।

### रोहित शर्मा 100 टी-20 इंटरनेशनल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने

रोहित शर्मा 100 टी-20 इंटरनेशनल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने है। भारत की 100 टी-20 जीत में रोहित टीम का हिस्सा रहे हैं। रहमत शाह अफगानिस्तान के लिए टी-20 में डेब्यू करने वाले पहले 30 साल से बड़े खिलाड़ी बने हैं। 36 साल 256 दिन के रोहित टी-20 में भारत की कप्तानी वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड शिखर धवन के नाम था जिन्होंने, 2021 में 35 साल 236 दिन की उम्र में श्रीलंका के खिलाफ इस फॉर्मेट में भारत की कप्तानी की थी।

### पावरप्ले में फायदा नहीं उठा सके अफगानी बॉलर्स

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानी टीम ने शानदार शुरुआत की। टीम ने शुरुआती 8 ओवर्स में बिना नुकसान के 50 रन बना लिए थे, लेकिन टीम ने नौवें व 10वें ओवर में नजर जमा चुके गुरबाज व जादरान के विकेट गंवाए।

# पाक टीम को मिला हार्दिक जैसा ऑलराउंडर, बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इतिहास रचने की उम्मीद से गई. लेकिन इस बार भी पाकिस्तान का यह सपना पूरा नहीं हो सका है. ऑस्ट्रेलियाई टीम शुरुआती दो मुकाबलों को जीतकर सीरीज पर कब्जा कर चुकी है. दोनों टीमें सिडनी में तीसरा और आखिरी टेस्ट खेल रही हैं. भले ही पाकिस्तान को इस सीरीज में जीत नहीं मिली हो लेकिन उन्हें भारतीय टीम के घातक ऑलराउंडर हार्दिक जैसा खिलाड़ी मिल गया है. इस खिलाड़ी ने डेब्यू मैच में गेंद से कमाल दिखाया, इसके बाद बल्ले से वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया. दरअसल, हार्दिक पंड्या अपनी रफ्तार भरी गेंदबाजी और विस्फोटक बल्लेबाजी से टीम इंडिया के काम आते हैं. यही अंदाज पाकिस्तान के डेब्यूटेंट आमिर जमाल से देखने को मिला है. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में अपना डेब्यू किया. उस मैच में आमिर ने कुल 7 विकेट झटके. इसके बाद दूसरे टेस्ट मैच में आमिर ने दोनों पारियों में मिलाकर 5 विकेट अपने नाम किए।



## मेट्रो बाजार

# मेडी असिस्ट हेल्थकेयर सर्विसेज का आईपीओ अगले हफ्ते ओपन होगा

**मुंबई, एजेंसी**

मेडी असिस्ट हेल्थकेयर सर्विसेज लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए अगले हफ्ते ओपन होगा। यह इस साल का दूसरा मेनबोर्ड आईपीओ है, जो इस इश्यू के जरिए 1,171.58 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 15 जनवरी से 17 जनवरी तक बोली लगा सकेंगे। 22 जनवरी को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे। इस साल का पहला आईपीओ ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन लिमिटेड का है, जो 16 जनवरी को स्टॉक एक्सचेंज में लिस्ट होगा। अगर आप भी इस आईपीओ में पैसा लगाने का प्लान बना रहे हैं तो हम आपको बता रहे हैं कि आप इसमें कितना निवेश कर सकते हैं।




इस आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक को मिनिमम एक लॉट यानी 35 शेयर के लिए अप्लाई करना होगा। कंपनी ने आईपीओ का प्राइज बैंड 397-418 प्रति शेयर तय किया है। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 418 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,630 लगाने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट यानी 455 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए 190,190 इन्वेस्ट करने होंगे। प्रमोटर और मौजूदा निवेशक इस इश्यू के लिए कंपनी 1,171.58 करोड़ के शेयर ह्स्र्स्के जरिए अरेंज करेगी। यह आईपीओ पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल यानी ह्स्र्स्है, जिसके जरिए कंपनी के प्रमोटर और मौजूदा निवेशक 2.8 करोड़ शेयर्स बेच रहे हैं।

### पोको स्मार्टफोन 26,999 की शुरुआती कीमत में लॉन्च

**नई दिल्ली,एजेंसी।** चाइनीज टेक कंपनी शाओमी के सब ब्रांड पोको ने भारत सहित ग्लोबल मार्केट में पोको एक्स 6 सीरीज को लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने पोको एक्स 6 सीरीज में 2 स्मार्टफोन- पोको फाइव जी को 21,999 रुपए और पोको प्रो 5 जी को 26,999 रुपए की शुरुआती कीमत में पेश किया है। पोको एक्स 6 प्रो मीडियाटेक डाइमेंशन 8300 अल्ट्रा चिपसेट और शाओमी हाइपरओएस के साथ लॉन्च होने वाला भारत का पहला स्मार्टफोन है। पोको के ये नए फोन शाओमी के हाल ही में लॉन्च हुए रेडमी नोट 13 सीरीज को टक्कर देते हैं। कंपनी ने दोनों फोन में 64 एमपी का एआई कैमरा और 6.67-इंच की 1.5 के रिजॉल्यूशन वाली स्क्रीन दी है। पोको एक्स 6 सीरीज की शुरुआती कीमत 21,999 रुपए है।

### तीसरे वनडे में श्रीलंका 8 विकेट से जीता

# जिम्बाब्वे 96 पर ऑलआउट, हसरंगा ने लिए 7 विकेट, वनडे सीरीज 2-0 से श्रीलंका के नाम

**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंका ने जिम्बाब्वे को तीसरे वनडे में 8 विकेट से हरा दिया। श्रीलंका से इंजरी के बाद वापसी कर रहे लेग स्पिनर वनिंदू हसरंगा ने महज 19 रन देकर 7 विकेट झटक लिए। कोलंबो में जिम्बाब्वे 96 रन बनाकर ऑलआउट हो गया। श्रीलंका ने 16.4 ओवर में 2 ही विकेट गंवाकर टारगेट हासिल कर लिया।

तीसरे वनडे में जीत के साथ श्रीलंका ने 3 वनडे की सीरीज भी 2-0 से जीत ली। एक मुकाबला बारिश के कारण बेनतीजा रहा था। आर प्रेमदासा स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम ने 2 ही ओवर बैटिंग की थी कि बारिश होने लगी। बारिश बहुत देर




हुई, जिस कारण ओवर में कटौती की गई और 50-50 ओवर के मुकाबले को 27-27 ओवर का किया गया। वापसी बाद जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी रही। टीम के ओपनर्स ने 8 ओवर में बगैर नुकसान के 43 रन बना लिए थे, लेकिन 9वें ओवर में लेग स्पिनर वनिंदू हसरंगा बॉलिंग करने आ गए। उनके आते ही श्रीलंका हावी हो गया, उन्होंने 43 रन के स्कोर पर टीम को सफलता दिलाई। हसरंगा यहीं नहीं रुके उन्होंने अगले 2 ओवरों में 3 और विकेट झटके, जिम्बाब्वे का स्कोर 43/0 से 48/4 हो गया।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# नीतू बोली- कभी बच्चों के दोस्त नहीं बन सके ऋषि कपूर....

करण जौहर का फेमस चैट शो कॉफी विद करण इस समय काफी सुर्खियां बटोर रहा है। इस सीजन में कई बड़े सेलेब्स गेस्ट के तौर पर आए हैं और अपने लाइफ से जुड़े दिलचस्प किस्से शेयर किए हैं। हाल ही में इस काउच पर अपने जमाने की फेमस एक्ट्रेस नीतू कपूर और जीनत अमान पहुंचीं। दोनों ने अपनी लाइफ से जुड़े कई किस्से शेयर किए। वहीं, नीतू कपूर ने दिवंगत एक्टर और पति ऋषि कपूर की बच्चों के साथ बॉन्डिंग पर बात की।

### बच्चों के साथ नहीं होते थे फ्रेंडली

दरअसल, ऋषि कपूर अपने आखिरी दिनों में न्यूयॉर्क में अपना इलाज करवा रहे थे। उस समय को याद करते हुए नीतू कपूर ने कहा, 卐तो मेरे लिए करण, मुझे दुखद हिस्से को याद करना पसंद नहीं है। मुझे हमारे रिश्ते के अच्छे हिस्से और न्यूयॉर्क में बिताए गए समय को याद करना पसंद है। न्यूयॉर्क वास्तव में दुखद था, लेकिन हमारे पास सबसे अच्छा साल वही था, मेरे लिए लाइफ का सबसे अच्छा साल था। नीतू ने आगे बताया कि ऋषि अपने बच्चों के साथ शायद ही कभी कैजुअल और फ्रेंडली होते थे, लेकिन अंतिम दिनों में सब कुछ बदल गया।

### जया बच्चन जानबूझ चिल्लाती हैं

नीतू कपूर पैपराजी के साथ काफी फ्रेंडली बिहेव करती हैं. वह अक्सर फोटोग्राफर्स के सामने पोज देकर फोटोज़ क्लिक करवाती हैं. उन्होंने करण जौहर के शो में कहा कि शायद जया बच्चन जानबूझ कर पैपराजी के साथ ऐसा बर्ताव करती हैं. मुझे लगता है कि जयाजी जानबूझकर ऐसा करती हैं. उन्होंने ऐसा एक बार किया था और अब वह जानबूझकर ऐसा करती है. वह ऐसी है नहीं। वह इतनी सुंदर हैं. नीतू ने वह कहा कि वे इसे एंजॉय करते।



# बिपाशा बसु ने डिलीट की मालदीव की तस्वीरें, एक्ट्रेस को कहा था 'देशद्रोही'



एक्ट्रेस बिपाशा बसु ने अपने मालदीव हॉलिडे की सारी तस्वीरें इंस्टाग्राम से डिलीट कर दी हैं। बिपाशा हाल ही अपना बर्थडे मनाने पति संग मालदीव गई थीं और प्यारी तस्वीरें शेयर की थीं। बिपाशा ने अपने मालदीव हॉलिडे की सारी तस्वीरें इंस्टाग्राम से डिलीट कर दी हैं। बिपाशा हाल ही अपना बर्थडे मनाने पति संग मालदीव गई थीं और प्यारी तस्वीरें शेयर की थीं। इंडिया-मालदीव के विवाद के बीच बिपाशा की वहां की तस्वीरें देख यूजर्स ने ऐसी-तैसी कर दी। फजीहत होने पर बिपाशा बसु ने डिलीट कीं मालदीव वेकेशन की तस्वीरें, एक्ट्रेस को कहा गया था 'देशद्रोही' बिपाशा बसु ने मालदीव वेकेशन की तस्वीरों पर मचे हंगामे के बाद उन्हें इंस्टाग्राम से डिलीट कर दिया है। एक्ट्रेस हाल ही पति करण सिंह ग्रोवर और बेटी के साथ अपना बर्थडे मनाने मालदीव गई थीं। वहां से उन्होंने प्यारी तस्वीरें शेयर की थीं।

### इस कारण हुआ था विवाद

दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 जनवरी को लक्षद्वीप का वीडियो शेयर किया था, जिसकी खूब तारीफ हुई। इसकी तुलना मालदीव से की जाने लगी। आम लोगों से लेकर सेलेब्स तक ने लक्षद्वीप को सपोर्ट किया। लोगों का कहना था कि मालदीव जाने के लिए लाखों रुपये खर्च करने के बजाय लक्षद्वीप जाया जाए। इसी पर मालदीव के नेता बुरी तरह भड़क गए और विवाद शुरू हो गया।

### फैंस बोले- लक्षद्वीप ट्रिप प्लान करो

बिपाशा के मालदीव वेकेशन वाले पोस्ट देख लोगों ने उन्हें आड़े हाथों ले लिया था। यूजर्स का कहना था कि जहां बॉलीवुड मालदीव का बायकॉट कर रहा है, वहीं बिपाशा वहां घूम रही हैं। कुछ ने तो बिपाशा को देशद्रोही तक कह दिया था। वहीं कुछ यूजर्स ने बिपाशा को सलाह दी कि वह अपनी ट्रिप बीच में ही खत्म करके वापस इंडिया लौट आएं और अगली ट्रिप लक्षद्वीप के लिए प्लान करें। ताकि फैंस के लिए भी एक उदाहरण पेश कर सकें।

# ट्विंकल ने जब एक शख्स को बताया दिया था अपने पिता का नाम विनोद खन्ना



अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना अब फिल्मों की दुनिया में सक्रिय नहीं हैं। वे बतौर लेखक खुद को स्थापित कर चुकी हैं। इसके अलावा ट्विंकल सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। आज उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी बहन रिंकी और पिता राजेश खन्ना के साथ कुछ अनदेखी तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ उन्होंने एक लंबा नोट लिया है, जिसमें एक्ट्रेस ने एक दिलचस्प किस्सा सुनाया है, जो काफी मजाकिया है। ट्विंकल खन्ना ने कैप्शन में अपनी छोटी बहन रिंकी खन्ना की दिल खोलकर तारीफ की हैं और बताया है कि उन्हें अपनी छोटी बहन से हमेशा सपोर्ट मिलता है। ट्विंकल ने लिखा, मैं बड़ी हूं और रिंकी छोटी। मैं हमेशा से भारी-भरकम रही और वह छोटी। कभी-कभी, हम टॉम और जेरी जैसे दिखते थे और कभी-कभी मेरे वजन के आधार पर, लॉरेल और हार्डी। ट्विंकल ने आगे मजेदार किस्सा साझा किया। उन्होंने लिखा, हम दोनों बहनों ने एक-दूसरे को खूब चिढ़ाया है। रिंकी के पति एक किस्सा अक्सर याद करते हैं। वे जब पहली बार मेरी बहन से मिलने आए,तो मैंने उनसे कहा, आपको यह जानना होगा कि हमारे पिता अलग-अलग हैं। मेरे पिता विनोद खन्ना हैं और इसके पिता राजेश खन्ना हैं, इसलिए मैं लंबी हूं और ये नहीं है।

### सिर का सूजन कम होने में एक साल लगे, फिर भी फिल्म पूरी की

ट्विंकल ने बताया, हालांकि, मेरे इस मजाक पर मेरी बहन काफी नाराज थी, लेकिन मुझे ये काफी मजाकिया लगा। ट्विंकल ने रिंकी के लिए आगे लिखा, जब भी मैं मुसीबत में होती हूं तो वह सबसे पहले मेरे साथ होती हैं। वह मुझे हर दिन कॉल करती है, फिर चाहें वह दुनियादारी की बातें ही क्यों न हो। मैं ये तो नहीं कहूंगी कि अगर जीवन एक रेगिस्तान है, तो वह मेरी एकमात्र जलस्रोत है, लेकिन मुझे पता है कि चिलचिलाती धूप में वह मेरे साथ अपनी हैट को मेरे साथ शेयर जरूर करेगी। अभिनेत्री से लेखक बन चुकीं ट्विंकल ने लिखा, हम बहनें हैं और हम एक-दूसरे बिना क्या करेंगे? आपकी बहन ने आपके साथ जो सबसे मजेदार चीज की है वह क्या है? मुझे कमेंट करके जरूर बताएं। एक्ट्रेस के इस पोस्ट पर यूजर्स की काफी मजेदार प्रतिक्रिया आ रही है। तमाम यूजर्स अपनी जिंदगी से जुड़े किस्से साझा कर रहे हैं।

# युवक पर तलवार और चाकू से हमला करने वाले 'बालक' सहित 4 गिरफ्तार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** हनुमानगंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला के पास चाय पीने पहुंचे युवक से अड़ीबाजी करते हुए तलवार और चाकू से हमला करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक बाल अपचारी है।

पुलिस के अनुसार अमन खटीक (22) बिहारी कालोनी आरपीएम स्कूल के पास छोला मंदिर में रहता है। चौक बाजार की कपड़े की दुकान पर काम करने वाला अमन बुधवार रात करीब सवा 9 बजे अपने दोस्त के साथ अग्रवाल धर्मशाला स्थित सौरभ की दुकान पर चाय पीने पहुंचा। इस दौरान चार बदमाश वहां पहुंचे और अड़ीबाजी करते हुए रुपए मांगने लगे। अमन ने रुपए देने से मन किया तो बदमाशों ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी। उनका विरोध करने पर एक बदमाश ने अमन के सिर पर तलवार मारी थी, जबकि दूसरे ने कान के पास चाकू से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे दुकान संचालक सौरभ और दोस्त के साथ भी बदमाशों ने मारपीट की थी। पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बाद आरोपी फैसल खान (20) और उसके भाई आदिल खान (19) निवासी सुभाष नगर छोला रोड, साहिल पठान (19) निवासी रेलवे स्टेशन के पास झुग्गी ललितपुर तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला।

## साल्वर को बिठाकर परीक्षा दिलाई, ग्वालियर में पदस्थ कांस्टेबल पर प्रकरण दर्ज

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित आरकेडीएफ कॉलेज में वर्ष 2012 में साल्वर को बिठाकर पुलिस आरक्षक परीक्षा में चयन होने वाले कांस्टेबल पर पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। उक्त प्रकरण जांच के बाद ग्वालियर में दर्ज किया गया था। घटनास्थल मिसरोद थाना क्षेत्र होने के कारण केस डायरी मिसरोद पुलिस को भेजी गई है। मिसरोद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी अमित सिंह द्वारा वर्ष 2012 में फर्जी तरीके से पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा दी गई थी। फिलहाल आरोपी आरक्षक अमित सिंह ग्वालियर के थाने में पदस्थ हैं। पुलिस ने उसके साथी की तलाश कर रही है, जो उसकी जगह परीक्षा देने बैठा था।

### 4 लाख का वायर बरामद, चूनाभट्टी पुलिस की कार्रवाई

# केबल ड्रम चुराने वाला चोर और कबाड़ी गिरफ्तार



भोपाल, दोपहर मेट्रो

**चूनाभट्टी पुलिस ने कोलार रोड से केबल ड्रम चुराने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस उस कबाड़ी तक भी पहुंची, जिसने चोरी का माल चालीस हजार रुपए में खरीदा था। आरोपियों से माल बरामद कर लिया गया है।**

पुलिस के अनुसार 15 दिसंबर को कमला नगर, नरेला शंकरी, पिपलानी निवासी मोहम्मद जफर खान ने शिकायत करते हुए बताया था कि कोलार रोड पर बिजली की लाइन का काम चल रहा है। गत 7 दिसंबर को उन्होंने जानकी बंगलो मेन गेट के पास केबल ड्रम रखे थे। 14 दिसंबर की शाम पता चला कि उक्त ड्रमों से दो ड्रम चोरी हो चुके हैं। चोरी गए ड्रमों की कीमत चार लाख रुपए थी। पुलिस ने जफर खान की शिकायत पर चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच की। इस दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए। फुटेज के आधार पर मुखबिर तंत्र लगाए गए और एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। संदिग्ध की पहचान हरिकिशोर अहिरवार उर्फ मोटू पिता नवल किशोर अहिरवार (22) झुग्गी नंबर, 107 कोलार कालोनी चूनाभट्टी के रूप में की गई। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार लिया। उसने बताया कि पवन किशोर अहिरवार, रोहित सोनाने एवं मोहन साहू को उसने पांच-पांच हजार रुपए दिए थे और उक्त ड्रम उठवाएं थे। पुलिस उक्त मामले में रोहित सोनाने, मोहन साहू और पवन किशोर अहिरवार को भी आरोपी बनाया है। साथ ही चोरी का माल खरीदने वाले तनवीर कबाड़ी पर भी चोरी का सामान खरीदने का प्रकरण दर्ज किया है।

## गोविंदपुरा में सांची पार्लर की गुमठी से 10 हजार रुपये नकदी चोरी




फाइल फोटो

**भोपाल।** गोविंदपुरा थानांतर्गत आईएसबीटी स्थित एक सांची पार्लर की गुमठी का ताला तोड़कर चोर 10 हजार रुपये नकदी चोरी कर ले गए। कमला नगर में एक मंदिर और टीटी नगर में दुकान से हजारों का सामान चोरी चला गया। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक संतोष साहू (38) शिवनगर कालोनी छोला मंदिर में रहते हैं और आईएसबीटी स्थित नेक्सा शोरूम के पास सांची पार्लर की गुमठी चलाते हैं। बीती 8 जनवरी की रात करीब ग्यारह बजे उनका भाजां अरुण साहू गुमठी बंद कर अपने घर चला गया था। अगले दिन पहुंचा तो गुमठी के पिछले दरवाजे का ताला टूटा मिला। सूचना के बाद संतोष मौके पर पहुंचे। चेक करने पर पता चला कि गल्ले में रखे दस हजार रुपये चोरी हो गए हैं। गुमठी में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो संदेही युवक दिखाई दिए हैं, लेकिन रात होने के कारण उनके चेहरे साफ नहीं आए हैं। पुलिस ने संतोष की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### शिवमंदिर पर चोरों का धावा

**कमला** नगर थानांतर्गत सैर सपाटा स्थित शिवशक्ति मंदिर से दानपेटी और मंगलसूत्र समेत करीब तीन हजार का सामान चोरी हो गया। पुलिस ने मंदिर के पुजारी शंकर प्रसाद त्रिपाठी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसी प्रकार टीटी नगर थानांतर्गत दशहरा मैदान के पास स्थित इमरान खान की दुकान का ताला तोड़कर चोर टूलकिट, कूलर और कार का मीटर, पहिये समेत करीब 13 हजार का सामान चोरी कर ले गए। इसी प्रकार निशातपुरा थानांतर्गत करोंद सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने पहुंचे कमल किशोर सेन की जेब से किसी ने मोबाइल चोरी कर लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 9 हजार रुपये बताई गई है।

## ई-रिक्शा समेत एक दर्जन दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए बदमाश

भोपाल, दोपहर मेट्रो

राजधानी में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। ऐशबाग इलाके में एक युवक ई-रिक्शा खड़ा कर नमाज पढ़ने चला गया। कुछ देर बाद वापस लौटा तो रिक्शा चोरी हो चुका था। इधर अलग-अलग इलाकों से बदमाश करीब एक दर्जन दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज कर वाहन चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मोहम्मद रईश ई-रिक्शा चलाते हैं। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे उन्होंने अपना रिक्शा भारत पेट्रोल पंप के आगे पीठे के पास खड़ा किया और नमाज पढ़ने चले गए। करीब आधे घंटे बाद वापस लौटे तो उनका रिक्शा गायब हो चुका था। काफी तलाश करने के बाद भी जब रिक्शे का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने बुधवार रात थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर जमजम शादी हाल बरखेड़ी जहांगीराबाद से मो. अयाज, एमपी नगर जोन क्रमांक-2 से शुभम विश्वकर्मा, चेतक ब्रिज के पास गोविंदपुरा से प्रशांत नागरकर, पिपलानी स्थित बीमा अस्पताल के पास से शैलेंद्र मीना, कमला पार्क से मो. फुरकान, शाहजहांनाबाद में अस्पताल के सामने से सावेज खान और ताजुल मसाजिद के पास से इरशाद खान, विजय नगर कोहेफिजा से गौरव मुकाती, रिसालदार कालोनी गौतम नगर से अमीन खान और रेनीवाली गली मंगलवारा से मो. उजेफ खान की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक एक भी वारदात के आरोपियों का सुराग नहीं लग पाया है।

## निजी अस्पताल में निवेश के नाम पर 130 लोगों से 5 करोड़ की ठगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में निवेश के नाम पर जालसाज ने 130 लोगों से रुपए ऐंठ लिए। सभी से अलग अलग धनराशि लेने वाले जालसाज ने करीब पांच करोड़ का चूना लगाया है। ठगी का पता उस समय लगा जब निवेश की समयावधि खत्म हो गई और लाभ लेने पहुंचे। इस दौरान पता चला कि जालसाज अपनी दुकान और मकान में ताला लगाकर फरार हो चुका है। पीड़ित ने क्राइम ब्रांच में शिकायत की है। पुलिस ने शिकायती आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है। आरोपी का नाम श्यामदास बताया जा रहा है। श्यामदास औरंगाबाद का है। पूर्व में वह भोपाल में रह रहा था। उसने लोगों को बताया था कि यदि अस्पताल में निवेश करते हैं तो अस्पताल के लाभ के साथ उनकी राशि बढ़ाकर दी जाएगी। शुरुआत में आरोपी ने कम पैसा निवेश कराया था और बदले में लाभ भी दिया। बाद में जब लोगों को उस पर विश्वास हो गया तो उसने बड़ी रकम निवेश कराई और फरार हो गया।

**जालसाज दुकान, मकान में ताले लगाकर फरार**

## सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात और घरेलू सामान चोरी कर ले गए बदमाश



भोपाल, दोपहर मेट्रो

बैरागढ़ के सैनिक कालोनी स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोर जेवरात और बर्तन समेत घरेलू सामान चोरी कर ले गए। वारदात के समय परिवार शहर से बाहर गया हुआ था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक आरके पिल्लई (69) सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं सैनिक कालोनी बैरागढ़ में रहते हैं। पिछले साल अक्टूबर महीने में वह घर पर ताला लगाकर परिवार के साथ अपने गृह नगर एनार्कुलम केरल चले गए थे। सात जनवरी को वापस लौटे तो हाल की खिड़की और किचन का दरवाजा खुला हुआ मिला और अंदर पूरा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी भी खुली हुई थी। चेक करने पर अलमारी में रखी एक चांदी की चैन, बिछिया, मोबाईल फोन, टाईटन कंपनी की घड़ी, चाय बनाने के हत्थे, पीतल की परात, पूजा का बड़ा दीया, छोटी पीतल परात, दो पीतल के लोटे, दो पीतल की थाली, पांच नल की टोटियां समेत अन्य सामान गायब था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इधर सूखी सेवनिया थानांतर्गत ग्राम पिपलिया जाहीर पीर से रवींद्र लोधी के हारवेस्टर से सामान चोरी हो गया। चोरी गए सामान की कीमत 40 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## रॉग साइड चल रहे ट्रैक्टर की टक्कर से ऑडी कार क्षतिग्रस्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कोहेफिजा इलाके में रॉग साइड चल रहे एक ट्रैक्टर की टक्कर से ऑडी कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि इस हादसे में कार चला रहे साफ्टवेयर इंजीनियर बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से भाग निकला। ट्रैक्टर पर नंबर भी नहीं लिखा हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक अरेरा कालोनी में रहने वाली उमंग विश्वकर्मा (40) एक साफ्टवेयर कंपनी में नौकरी करते हैं। बुधवार की शाम को वह अपनी ऑडी कार से आईटी पार्क से एयरपोर्ट रोड होते हुए लालघाटी की तरफ आ रहे थे। स्पंदन अस्पताल के पास ब्रिज पर पहुंचे, तभी सामने से रॉग साइड आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार का आगे का बोनट, चेचिस, साईड डोर, गाड़ी का एक्सल समेत सम्पूर्ण बाडी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में उमंग को कोई चोट नहीं आई। टक्कर मारने के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने केस दर्ज कर ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**मेट्रो एंकर** बीमारी से परेशानी के चलते उठाया कदम

# 60 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगा कर दी जान



फाइल फोटो

भोपाल, दोपहर मेट्रो

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित कल्याण नगर में 60 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि बीमारी से परेशान थे। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार 60 साल के कालूराम साहू कालूराम साहू कल्याण नगर में परिवार के साथ रहते थे। गुरुवार सुबह करीब 11.00 बजे के आसपास उन्होंने अपने कमरे में फांसी लगा ली। उनके बेटे की उन पर नजर पड़ी थी। पिता को फांसी के फंदे पर देख वह डर गया। उसने पुलिस को सूचना दी। इसी बीच परिवार के अन्य लोगों ने कालूराम साहू को फंदे से उतार लिया था। उन्हें हमीदी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### बीमार थे कालूराम

पुलिस की जांच में हवा सामने आई कि कालूराम को त्वचा संबंधी गंभीर बीमारी थी। इसके अलावा अन्य बीमारियों से भी वह परेशान थे। अक्सर बीमार रहने के कारण उनका मानसिक संतुलन भी बिगड़ गया था। पुलिस का कहना है कि समय रहते परिजन फंदे से उतारकर उन्हें अस्पताल पहुंचने तो शायद उनकी जान भर सकती थी। पुलिस को कालूराम के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कार की टक्कर से बकरी की मौत, पुलिस ने चालक पर दर्ज किया केस

**भोपाल।** नजीराबाद इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही बकरी को टक्कर मार दी, जिससे बकरी की मौत हो गई। घटना के बाद चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस ने बकरी मालिक की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक गनपतसिंह गुर्जर (40) ग्राम खेलखेड़ी नजीराबाद में रहते हैं। बुधवार दोपहर के समय वह अपनी बकरियों चराने के लिए अपने खेत पर ले जा रहे थे। नजीराबाद से सिंधौड़ा जाने वाले रोड सामने से आ रही नीले रंग की एक तेज रफ्तार कार ने उनकी काले रंग की बकरी को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बकरी



फाइल फोटो

सड़क पर गिर पड़ी तो चालक कार लेकर बैरसिया की तरफ भाग निकला। गनपत ने बकरी को हिला-डुलाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। उसके बाद गनपत सिंह अपने परिजनों को लेकर थाने पहुंचे और टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज करवाया।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022